शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 88 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 24 अप्रैल 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# आशंका: बढ़ सकती है महंगाई- आरबीआई

## खराब मौसम और भू-राजनीतिक तनाव के कारण बढ़ सकती है महंगाई: आरबीआई के बुलेटिन में जताई गई आशंका

**नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अप्रैल बुलेटिन में मंगलवार को कहा गया कि खराब मौसम की स्थिति महंगाई का जोखिम पैदा कर सकती है। बुलेटिन में यह भी कहा गया कि लंबे समय तक भू-राजनीतिक तनाव से कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव दिख सकता है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई मार्च में घटकर 4.9 प्रतिशत हो गया है, जो पिछले दो महीनों में औसतन 5.1 प्रतिशत था। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने महंगाई से जुड़ी चिंताओं का हवाला देते हुए फरवरी 2023 से रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है।

**वास्तविक जीडीपी में तेजी बने रहने का अनुमान**

'स्टेट ऑफ द इकोनॉमी' विषय पर एक लेख में आगे कहा गया है कि वैश्विक विकास की गति 2024 की पहली तिमाही में बनी हुई है, और विश्व व्यापार के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण बन रहा है। लेख में कहा गया है, "भारत में मजबूत निवेश मांग और व्यापार व उपभोक्ता भावनाओं में तेजी की मदद से वास्तविक जीडीपी वृद्धि में तेजी की प्रवृत्ति आगे भी बनी रह सकती है।" भारतीय रिजर्व बैंक के मासिक बुलेटिन में प्रकाशित एक लेख के अनुसार, अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में भारत का सेवा निर्यात, पिछले 30 वर्षों (1993 और 2022 के बीच) में 14 प्रतिशत से अधिक की मजबूत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ा है।




## पहली तिमाही में वैश्विक वृद्धि की गति बरकरार रही

लेख कहता है, "अगले तीन दशकों में अपनी विकासपरक आकांक्षाओं को हासिल करने के लिए, भारतीय अर्थव्यवस्था को अगले दशक में अपने जनसंख्या संबंधी लाभों का फायदा उठाने के लिए 8-10 प्रति वर्ष की दर से बढ़ना होगा। भारत को जनसंख्या संबंधी लाभ वर्ष 2055 तक मिलता रहेगा। इसमें कहा गया है कि 2024 की पहली तिमाही में वैश्विक वृद्धि की गति बरकरार रही है और विश्व व्यापार का परिदृश्य सकारात्मक हो रहा है।

## देश के पूर्वी राज्यों में भीषण गर्मी का कहर, दक्षिण भी बेहाल

**नई दिल्ली**

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि पूर्वी भारत के बड़े हिस्से में भीषण गर्मी मंगलवार को भी जारी रही और यह देश के दक्षिणी हिस्सों में भी फैल गई। ओडिशा, पश्चिम बंगाल के गंगा के तटवर्ती इलाके, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से दो से सात डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में पारा 43.5 डिग्री सेल्सियस, कुरनूल में 43.2 डिग्री सेल्सियस, तमिलनाडु के सलेम में 42.3 डिग्री सेल्सियस और इरोड में 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।



**अप्रैल में लू का दूसरा दौर**

इस महीने में लू का यह दूसरा दौर है। आईएमडी के मुताबिक, ओडिशा में 15 अप्रैल से और पश्चिम बंगाल में गंगा के किनारे वाले इलाकों में 17 अप्रैल से लू की स्थिति बनी हुई है। विभाग ने एक बयान में कहा कि अगले पांच दिनों के दौरान भारत और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में लू की स्थिति गंभीर हो सकती है।

**अगले पांच दिनों तक राज्यों में लू चलने की संभावना**

अगले चार से पांच दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत में अधिकतम तापमान 2-4 डिग्री सेल्सियस और महाराष्ट्र में 3-4 डिग्री सेल्सियस बढ़ने का अनुमान है। अगले पांच दिनों के दौरान पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, ओडिशा, तमिलनाडु, बिहार, सिक्किम, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और झारखंड के कुछ हिस्सों में लू चलने की संभावना है।

## मानसून से पहले खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ने का जोखिम




आरबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि यह भारत के व्यापारिक निर्यात वृद्धि (10.7 प्रतिशत) के अलावा वैश्विक स्तर पर सेवा निर्यात की वृद्धि (6.8 प्रतिशत) से काफी अधिक है। इसी का नतीजा है कि विश्व सेवाओं के निर्यात में भारत के सेवा निर्यात की हिस्सेदारी वर्ष 1993 में 0.5 प्रतिशत से आठ गुना से अधिक बढ़कर वर्ष 2022 में 4.3 प्रतिशत हो गई। रिजर्व बैंक के बुलेटिन में प्रकाशित अर्थव्यवस्था की स्थिति शीर्षक लेख कहता है कि वर्ष 2024 के वसंत में गर्मी बनी हुई है। दरअसल इसका इशारा मार्च, 2024 के पिछले 170 साल का सबसे गर्म मार्च महीना होने की तरफ है।

**बढ़ती गर्मी के कारण मानसून से पहले खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ने का जोखिम**

डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा की अगुवाई वाली टीम ने इस लेख में कहा है कि गर्मियों के दौरान महंगाई पर सावधानी से नजर रखनी होगी। मानसून के दस्तक देने से पहले खाद्य पदार्थों की कीमतों में अधिक गर्मी के कारण झटके लगने का अंदेशा है। लेख के मुताबिक, "हालांकि निकट अवधि में प्रतिकूल मौसमी घटनाओं के साथ लंबे समय तक भू-राजनीतिक तनाव के कारण मुद्रास्फीति का जोखिम पैदा हो सकता है।" आरबीआई बुलेटिन के मुताबिक, आर्थिक वृद्धि के रुझान में बदलाव के विस्तार के लिए स्थितियां बन रही हैं, जिसने 2021-24 के दौरान औसत वास्तविक जीडीपी वृद्धि को आठ प्रतिशत से ऊपर पहुंचाया है।

## विधायक प्रकाश जारवाल की सजा की अवधि पर 13 मई को सुनवाई

**नई दिल्ली**

दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने डॉक्टर सुसाइड मामले में दोषी करार दिए गए आम आदमी पार्टी के देवली से विधायक प्रकाश जारवाल की सजा की अवधि पर सुनवाई टाल दी है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने अगली सुनवाई 13 मई को करने का आदेश दिया। 27 मार्च को कोर्ट ने प्रकाश जारवाल को अपनी संपत्ति के संबंध में हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने 28 फरवरी को तीनों आरोपितों को दोषी करार दिया था। कोर्ट ने प्रकाश जारवाल और कपिल नागर को भारतीय दंड संहिता की धारा 306, 34, 120बी, 386, 506 और 511 के तहत दोषी करार दिया था। कोर्ट ने हरीश कुमार जारवाल को भारतीय दंड संहिता की धारा 506 के तहत दोषी करार दिया था। इस मामले में कोर्ट ने हरीश जारवाल को धारा 306 और 386 के आरोपों से मुक्त कर दिया जबकि धारा 506 का आरोप तय करने का आदेश दिया था। 28 अगस्त 2021 को दिल्ली पुलिस ने प्रकाश जारवाल समेत तीन आरोपितों के खिलाफ पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। इस मामले में प्रकाश जारवाल के अलावा कपिल नागर और हरीश कुमार जारवाल को आरोपित बनाया गया था। 18 अप्रैल 2020 को डॉक्टर राजेंद्र सिंह ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी की थी। पुलिस ने डॉक्टर के यहां दो पेज का सुसाइड नोट बरामद किया था। इसमें प्रकाश जारवाल और कपिल नागर को जिम्मेदार ठहराया था। पुलिस ने एक डायरी भी बरामद की थी, जिसमें डॉक्टर के कुछ पानी के टैंकर जल बोर्ड में चलने की बात कही गई थी। डायरी में उन टैंकर्स के लिए प्रकाश जारवाल पर पैसे मांगने का आरोप लगाया गया था।

## भाजपा ने दिल्ली में 9745 स्थानों पर किया हनुमान चालीसा का पाठ

**नई दिल्ली**

हनुमान जयंती के मौके पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राजधानी दिल्ली में 9745 स्थानों पर हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया। इस मौके पर भाजपा दिल्ली प्रदेश प्रभारी ओमप्रकाश धनखड़ ने राजनगर के बूथ संख्या-18 पर कार्यकर्ताओं के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया।

## सीएम अरविंद केजरीवाल को तिहाड़ जेल में दी गई इंसुलिन

**नई दिल्ली**

तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बीती शाम इंसुलिन दी गई। हालांकि इस बारे में स्पष्ट तौर पर जेल प्रशासन ने कुछ नहीं बताया है। मगर जेल सूत्रों ने कहा है कि केजरीवाल को पहली बार इंसुलिन दी गई। कहा जा रहा है कि केजरीवाल का शुगर लेवल 217 तक पहुंच गया था। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री के शुगर लेवल और इंसुलिन की मांग पर कई दिनों से आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे थे। आम आदमी पार्टी ने एक्स हैंडल पर लिखा है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आखिरकार जेल में इंसुलिन दे दी गई। उसकी उन्हें बहुत जरूरत थी। जेल प्रशासन के अनुसार बीती शाम मुख्यमंत्री ने बताया था कि उन्हें दिक्कत हो रही है। इसके बाद जेल डॉक्टरों ने जांच की । उनका शुगर लेवल 217 मिला। इंसुलिन उन्हें भोजन करने से ठीक पहले सात बजे दी गई। पार्टी नेता सौरभ भरद्वाज ने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव पर खुशखबरी। खबर आ रही है कि अंततः जेल प्रशासन ने मुख्यमंत्री को बढ़ती हुई शुगर के लिये इंसुलिन दी। उन्होंने सवाल किया है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री को एक इंसुलिन के लिए भी कोर्ट जाना पड़ रहा है।



## पी चिदंबरम के सीएए रद्द किए जाने को अमित शाह ने बताया तुष्टीकरण की राजनीति

**नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेता पी चिदंबरम के बयान पर पलटवार किया है। चिदंबरम ने सीएए, तीन न्यायिक कानून और अन्य कानूनों को विपक्ष की सरकार बनने पर रद्द किए जाने की बात कही थी। शाह ने इसे तुष्टीकरण की राजनीति बताया । शाह ने सोशल मीडिया एक्स पर पी चिदंबरम के बयान पलटवार करने वाला अपना बयान साझा किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता पी चिदंबरम को बताना चाहिए की सीएए से क्या आपत्ति है। इससे किसी की नागरिकता नहीं छिनी जा रही है। कांग्रेस केवल तुष्टीकरण की राजनीति और वोटबैंक के लिए इसे निरस्त करना चाहती है। उन्होंने कहा कि उनके इरादे पूरे नहीं होंगे। कांग्रेस न तो सत्ता में आने वाली है और न ही निर्णय लेने वाली है। कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम के बयान पर केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 1960 के दशक से कांग्रेस ने चुनाव जीतने के लिए तुष्टीकरण की राजनीति को अपना हथियार बनाया। हम वर्षों से इसके खिलाफ लड़ते रहे। 2014 के बाद से पीएम मोदी ने लोगों के बीच विकास का एजेंडा तय किया और उसी के आधार पर देश में चुनाव शुरू हुआ। अब कांग्रेस को विकास के आधार पर चुनाव लड़ने में दिक्कत हो रही है, वे लगातार चुनाव हार रहे हैं। अमित शाह ने कहा कि तीन कानूनों (आपराधिक कानून) को पर विचार के लिए बनी समिति में स्वयं चिदंबरम थे। उन्होंने कई बार सकारात्मक सुझाव दिये और उनकी सराहना भी की।



## हमारे मसाला उत्पाद सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता वाले: एवरेस्ट




**नई दिल्ली**

सिंगापुर और हांगकांग में एवरेस्ट के मसाला उत्पाद की गुणवत्ता पर सवाल उठाने के बीच एवरेस्ट फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (एवरेस्ट स्पाइसेज) ने कहा कि उसके सभी उत्पाद सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता के हैं। हालांकि, खाद्य नियामक ने देश में बिकने वाले मसालों की गुणवत्ता की जांच कराने की बात कही है। वाणिज्य मंत्रालय ने एमडीएच और एवरेस्ट से भी ब्योरा मांगा है। एवरेस्ट ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि हमारे उत्पादों पर किसी देश में प्रतिबंध नहीं है। कंपनी ने कहा कि एवरेस्ट के 60 उत्पादों में से केवल एक को जांच के लिए रखा गया है। यह एक मानक प्रक्रिया है, कोई प्रतिबंध नहीं। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि हम अपने ग्राहकों को आश्वस्त करते हैं कि हमारे उत्पाद सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता वाले हैं, इसलिए चिंता की कोई आवश्यकता नहीं है। प्रवक्ता के मुताबिक यह एक मानक प्रक्रिया है, कोई प्रतिबंध नहीं। एवरेस्ट स्पाइसेज के 60 उत्पादों में से सिर्फ एक उत्पाद को जांच के लिए रखा गया है। खाद्य सुरक्षा कंपनी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हमारे सभी उत्पाद कड़े गुणवत्ता नियंत्रण जांच से गुजरते हैं। भारतीय मसाला बोर्ड की प्रयोगशालाओं से आवश्यक मंजूरी और अनुमोदन मिलने के बाद ही निर्यात को मंजूरी दी जाती है। इससे पहले दुनिया में मसालों के सबसे बड़े उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक भारत ने सिंगापुर और हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामकों से दो भारतीय कंपनियों के मसाला उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने से संबंधित ब्योरा मांगा है। इस संबंध में भारत ने सिंगापुर और हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामकों के साथ-साथ दोनों ही देशों में भारतीय दूतावासों से मामले की जानकारी भी मांगी है।

## बृजभूषण पर दर्ज पॉक्सो मामले में 20 मई को फैसला सुनाएगा कोर्ट

**नई दिल्ली**

दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर दर्ज पॉक्सो मामले में दिल्ली पुलिस की ओर से दाखिल क्लोजर रिपोर्ट पर फैसला एकबार फिर टाल दिया है। एडिशनल सेशंस जज छवि कपूर ने 20 मई को फैसला सुनाने का आदेश दिया। इसके पहले 2 मार्च, 11 जनवरी और 25 नवंबर 2023 को कोर्ट ने फैसला टाल दिया था। कोर्ट ने 1 अगस्त, 2023 को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान पीड़ित नाबालिग पहलवान और उसके पिता ने पुलिस की जांच पर संतोष जताया था। नाबालिग पहलवान और उसके पिता ने इन-कैमरा बयान दर्ज कराया। इन कैमरा का मतलब सुनवाई के समय दोनों पक्षों के अलावा दूसरा कोई उपस्थित नहीं होता है। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट पर सुनवाई करते हुए 4 जुलाई, 2023 को शिकायतकर्ता नाबालिग पहलवान को नोटिस जारी किया था। दिल्ली पुलिस ने 15 जून, 2023 को पटियाला हाउस कोर्ट ने रिपोर्ट दाखिल कर भाजपा सांसद बृजभूषण को क्लीन चिट दे दी थी। नाबालिग पहलवान की शिकायत पर पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में बृजभूषण शरण सिंह को क्लीन चिट देते हुए आरोप निरस्त करने की मांग की है।



## झटका: बाबा रामदेव का माफीनामा फिर अस्वीकार किया

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने एलोपैथिक दवाओं के खिलाफ भ्रामक विज्ञापन देने के केस में बाबा रामदेव और पतंजलि का माफीनामा फिर अस्वीकार कर दिया। बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को 30 अप्रैल को फिर सुप्रीम कोर्ट में पेश होना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि को विज्ञापन का साइज बड़ा करने और माफीनामा को हाई लाइट करने के लिए कहा ताकि लोगों को समझ में आए। सुनवाई के दौरान पतंजलि के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि हमने 67 अखबारों में माफीनामा दिया है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि क्या अखबारों को दिया गया माफीनामा उतने ही साइज का है जितना बड़ा आप विज्ञापन देते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई का दायरा बड़ा करते हुए कहा कि मामला सिर्फ एक संस्था (पतंजलि) तक सीमित नहीं रखा जाएगा।

## 36 घंटे बाद बुझी ये आग: गाजीपुर लैंडफिल साइट पर अब उड़ने लगी धूल

### आसपास के लोगों के सामने सांसों का संकट

**नई दिल्ली**

गाजीपुर लैंडफिल साइट पर आग लगने के बाद उड़ी धूल-राख से आस पास की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों की सांसों पर संकट बन आया। मंगलवार शाम को आई आंधी से हालत ज्यादा ही खराब हो गए। लोगों की सांस फूल गई, उलझन भी महसूस हुई। हल्की बारिश से कुछ हद तक राहत मिली। इस संकट से निजात दिलाने के लिए लैंडफिल साइट पर वाटर स्प्रिंकल तैनात किए गए हैं। लैंडफिल साइट पर करीब 36 घंटे तक तेज आग जलती रही। रविवार को दोपहर में यहां आग लगी और पूरी रात धू-धू कर जलती रही। इसे बुझाने के लिए दमकल विभाग के कर्मचारियों को खासा मशक्कत करनी पड़ी। सोमवार को पूरा दिन आग बुझाने की कोशिश की गई। एमसीडी के मुताबिक शाम को करीब 90 फीसदी तक आग पर काबू पा लिया गया। मंगलवार को कूड़े में आग सुलगती रही। शाम को आई आंधी से आस पास के इलाके में धूल और राख फैल गई, जिससे लोग खासा परेशान हुए।



**लैंडफिल साइट के 3000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में फैली आग**

एमसीडी ने जानकारी दी कि लैंडफिल साइट के 3000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में आग फैली थी, आग पर काबू पाने के लिए इनर्ट और निर्माण व विध्वंसक मलबे का इस्तेमाल किया गया। दूसरी तरफ दमकल की गाड़ियों ने पानी की धार से आग को काबू किया। करीब 600 मीट्रिक टन इनर्ट का इस्तेमाल किया गया। 16 एक्सकेवेटर, चार बुलडोजर और आठ दमकल की गाड़ियां मौके पर लगाई गईं। मौजूदा समय चार से ज्यादा वाटर स्प्रिंकलर मौके पर तैनात किए हैं।

# बूथ कार्यकर्ता कमल खिलाकर एक बार फिर मोदी सरकार बनाएंगे : स्वतंत्र देव

अखंड भारत संदेश

### इलाहाबाद प्रयागराज लोकसभा प्रबंधन समिति की बैठक मे कैबिनेट मंत्री ने कार्यकताओं मे भरा जोश

**करछना।** हमारा कार्य कार्यकर्ता का निर्माण करना है। भारतीय जनता पार्टी हमारी मां है,मां की सेवा के लिए कार्यकर्ता का निर्माण कर मां भारती को परम वैभव तक पहुंचाने के लिए हम सब दिन-रात कार्य करते हैं। हमारें बूथ के अध्यक्ष, सचिव, मंत्री, वीएलओ-2 पन्ना प्रमुखों आदि की मेहनत से कमल खिला था और केंद्र राज्य मे भाजपा की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एतिहासिक कार्य कर सेवा सुशासन का जो कीर्तिमान स्थापित किया वह 2024 मे पुनः देखने को मिलेगा। हमारे बूथ के कार्यकर्ता विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से घर-घर, बस्ती बस्ती सम्पर्क और संवाद कर घर-घर कमल खिलाकर




₹एक बार फिर मोदी सरकार,चार सौ पार₹ के लक्ष्य को साकार करेंगे। प्रयागराज के लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी को एतिहासिक मतों से विजय दिलाने के लिए संगठन के कार्यकर्ता एक -एक कार्य को पूरा करके जन-जन से आशीर्वाद और समर्थन प्राप्त करेंगे उक्त बातें मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा व प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मंगलवार को केंद्रीय चुनाव कार्यालय रामपुर करछना में इलाहाबाद लोकसभा प्रबंधन समिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए कार्यकताओं से कहीं। श्री सिंह ने एक-एक कार्यकताओं के अभी तक के कार्यो की समीक्षा कर अगामी योजनाओं से अवगत कराया। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति, जिलाध्यक्ष महानगर राजेन्द्र मिश्र,लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने बुकें भेंटकर स्वागत किया। संचालन लोकसभा संयोजक शिवदत्त पटेल किया। बैठक में काशी क्षेत्र महामंत्री व यमुनापार प्रभारी शुशील त्रिपाठी लोकसभा प्रभारी मनोज जायसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती,जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीके सिंह, विधायक करछना पियूष रंजन निषाद आदि रहें। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी ने बताया कि मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने विधानसभा सम्मेलन,बूथ सम्मेलन, शक्ति केंद्र सम्मेलन आदि के बारें मे जानकारी देकर ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं से मतदान हेतू प्रेरित करनें का सुझाव दिया। बैठक में पूर्व उपमहापौर मुरारी लाल अग्रवाल,जिला उपाध्यक्ष जय सिंह पटेल, राजेश्वरी तिवारी, महामंत्री पुष्पराज सिंह पटेल, जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी, शिवराम सिंह परिहार, सुधाकर पांडेय, राजमणि पासवान, अरूण सिंह, सविता मिश्रा, राजकुमार मिश्रा आदि के साथ प्रबंध समिति के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## देर रात आये तूफान ने मचायी तबाही बिजली गुल

**लालापुर।** सोमवार की रात आए आंधी-तूफान ने तबाही मचाई। बूंदाबांदी के साथ क्षेत्र के गोल्हैया गांव में टूटकर गिरे बिजली पोल ने एक मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। डेराबारी में कई आदिवासियों के छप्पर उड़ गये।मदुरी गांव में आम पेड़ का गिर गया।अंधड़ के चलते पूरे क्षेत्र में देर तक अफरातफरी का आलम बना रहा। जहां-तहां गिरे पेड़ों से आवागमन भी प्रभावित हुआ। लालापुर और आस-पास के इलाकों में बूंदा-बांदी के साथ आई तेज आंधी ने कुछ देर के लिए जनजीवन अस्त-व्यस्त करके रख दिया।कहीं पेड़ टूट कर गिर गए।कहीं छप्पर और टिनशेड उड़कर टूट गए। खपरैल के छाजन को भी नुकसान पहुंचा।परंतु उमस भरी गर्मी से ग्रामीणों को राहत भी हुई।लालापुर उपकेंद्र में देर रात तक विद्युत सप्लाई भी बाधित रही।

## पयागीपुर गाँव की टॉपर बेटी को प्रधान ने किया सम्मानित

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के पयागीपुर गांव की टॉपर बेटी को ग्राम प्रधान ने सम्मानित किया है। आपको बताते चलें कि पयागीपुर गांव निवासी किसान हिन्द प्रकाश पटेल की पुत्री श्वेता पटेल जो केडी पब्लिक इंटरमीडिएट कॉलेज निमिथरिया में हाई स्कूल की छात्रा है। वह बोर्ड परीक्षा में 96% अंक प्राप्त कर पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सोमवार को ग्राम प्रधान रमेश विश्वकर्मा ने होनहार टांपर बेटी को बैग,मेडल और पुस्तक देकर सम्मानित किया। इसी प्रकार हिंदप्रकाश पटेल की दूसरी बेटी स्वाति पटेल ने इंटर में 84% हासिल किया। स्वाति पटेल को भी प्रधान द्वारा बैग मेडल और पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। खुशी में प्रधान ने बेटियों के साथ मौजूद लोगों का मुंह मीठा कराया।

## हाई स्कूल की बोर्ड परीक्षा में टॉपर रही वेदांगी तिवारी डॉ बनकर देश की सेवा करना चाहती है



**करछना।** क्षेत्र के मुगांरी गांव निवासी अजितेश तिवारी की पुत्री वेदांगी तिवारी ने यूपी बोर्ड की हाई स्कूल परीक्षा में 90.33% अंक प्राप्त कर परिवार का नाम रोशन किया है। वेदांगी डॉ बनकर देश की सेवा करना चाहती है। वेदांगी तिवारी के पिता अजितेश तिवारी समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रसर व उङ्घ प्रङ्घ राज्य औद्योगिक संघ (प्रङ्घ मङ्घ ) के अध्यक्ष हैं। सभी परिवारीजन बिटिया के प्राप्तांक से हर्षित हैं । वेदांगी तिवारी गजराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल नैनी की छात्रा है।

# भगवत कथा श्रवण से प्रशस्त होता है मुक्ति मार्ग : प्रभाकराचार्य जी महाराज

**सहसों।** सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सहसों बाईपास स्थित देव प्लाई हाउस के प्रांगण में संगीतमय चल रही कथा के तीसरे दिन कथा व्यास प्रभाकराचार्य जी महाराज के अमृतमयी वाणी द्वारा जड़ भरत चरित्र, अजामिल उपाख्यान, प्रहलाद चरित्र, ध्रुव चरित्र एवं नरसिंह अवतार की कथा का सजीव वर्णन सुनते कथा पंडाल में उपस्थित श्रोता भक्त नर नारियों ने भाव विभोर होते आनंदित हो उठे। कथा व्यास ने बताया कि जिस तरह से भगवान नारायण गिरधर गोपाल भक्त ध्रुव की भक्ति भावना से प्रसन्न होकर अनन्य भक्ति प्रदान करते उनको अपने अंतर निहित में लिया एवं नरसिंह रूप में अवतार लेकर भगवान ने भक्त प्रहलाद की अटूट भक्ति से प्रसन्न होकर राक्षस हिरण्य कश्यप का वध कर प्रहलाद को अनन्य भक्ति प्रदान करते उनका रक्षा किया। कथा व्यास ने कहा जीवन को इस भवसागर से मुक्ति दिलाना हो, भगवान का साक्षात्कार करना हो, जीवन को कृतार्थ करना हो तो भगवत भजन एवं निष्काम भाव की भक्ति भावना के साथ भगवत कथा का श्रवण बहुत जरूरी है। जिससे कि इस सांसारिक मोह माया से छुटकारा मिलते मुक्ति का मार्ग प्रशस्त हो सके। कथा के दौरान ₹ शिव शंभू सा निराला कोई देवता नहीं है, ऐसा है डमरू वाला कोई देवता नहीं है सुंदर भजन सुनकर कथा रसिक श्रोता नर नारी आनंदित होकर भगवान नाम का उद्घोष करने लगे



जिससे पूरा कथा पंडाल भक्तिमय हो गया। कथा विश्राम पर मुख्य यजमान अशोक कुमार केसरवानी एवं श्रीमती सरोज देवी सहित अन्य श्रोताओं ने व्यास पीठ, भागवत भगवान एवं आवाहित देवी देवताओं की आरती उतारी। तत्पश्चात भक्तों में प्रसाद का वितरण कराया गया। इस अवसर पर सेठ कैलाश चंद्र केसरवानी, अनूप केसरवानी, अजय कुमार केसरवानी, अंकित कुमार केसरवानी, पंडित दिनेश चंद्र तिवारी, उमेश केसरवानी, रामजी बिंद, इं. विक्रमादित्य द्विवेदी, गुड्डू सिंह, विष्णू केसरवानी गोलू एवं शिव बाबू केसरवानी सहित भारी संख्या में श्रोता नर नारी उपस्थित होकर कथा का रसपान किया।

# क्रय केंद्रों पर गेहूं का भुगतान किसान फौरन पाएंगे : रमेश सिंह

### सार्वजनिक वितरण प्रणाली और क्रय केंद्रों में भ्रष्ट लोग बख्से नहीं जायेंगे: एडीएम नागरिक आपूर्ति

**कोरांव।** प्रयाग राज के एडीएम नागरिक आपूर्ति रमेश सिंह ने गेहूं की फसल को क्रय केंद्रों पर बिक्री करने का आह्वान किसानों से किया है। श्री सिंह एडीएम आपूर्ति प्रयागराज ने बताया कि क्रय केंद्रों आर गेहूं की आवक कम दिख रही है। जबकि किसानों को तुरंत बिक्री का भुगतान किया जा रहा है। यदि इसमें कोई भी क्रय केंद्रों का प्रभारी,जिम्मेदार दोषी मिला तो कत्तई उन्हे बक्सा नहीं जायेगा। एडीएम ने बताया कि इसी तरह यदि कोटेदारों की शिकायतें घट तौली अनियमितता की मिलेगी तो एफआईआर होगी और उन्हें संरक्षण देने वाले चाहे अधिकारी हों या कर्मचारी उन्हे भी नहीं बख्शा जाएगा। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली को



सरकार की मंशानूसार समुचित रूप से क्रियान्वयन किए जाने में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि कई शिकायतें मिल चुकी हैं। चेतावनियों पर भी सुधार नहीं दिख रहा तो निश्चय ही विभागीय कार्यवाई की जायेगी। उक्त बातें रमेश सिंह एडीएम नागरिक आपूर्ति प्रयागराज ने इस प्रेस प्रतिनिधि से मगलवार को कही।

# श्रद्धा के साथ मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव आयोजित हुआ सुंदरकांड का पाठ

**सहसों।** क्षेत्र के रामनगर स्थित प्राचीन शिव मंदिर मे स्थापित श्री हनुमान जी महाराज का मंगलवार को धूमधाम से जन्मोत्सव मनाया गया। चैत्र पूर्णिमा के दिन भगवान शिव के ग्यारहवे रुद्रावतार के रूप मे प्रकट होने वाले संकट मोचक श्री हनुमान जी महाराज का फूल मालाओं से भव्य श्रृंगार के पश्चात धूप दीप नैवेद्य, फल व मिष्ठान का भोग लगाया गया। श्री हनुमान चालीसा पाठ के उपरांत भव्य आरती की गई। इस अवसर पर आस पास के क्षेत्र से सैकड़ो श्रद्धालु हनुमान जी के जन्मोत्सव मे सम्मिलित होने के लिए उपस्थित रहे। सायंकाल मंदिर के पुजारी राधेश्याम पांडे ने श्री हनुमान जी की मूर्ति का पूजन किया तत्पश्चात सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इसी प्रकार भोपतपुर पडान में हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर अखंड श्री रामचरितमानस पाठ के पश्चात हनुमान जी की भव्य पूजा अर्चना की गई। सायंकाल




आरती एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर हनुमान जी की आराधना की तथा महाप्रसाद,भण्डारा ग्रहण कर पुण्य के भागी बने। इस अवसर पर विनय पांडे, मानिकचंद,दूधनाथ,सुरेश नारायण, महेश नारायण, राधेश्याम पांडे, कृष्णकांत पांडे,रामफेर पांडे सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने हनुमान जी की स्तुति की। इसी क्रम में सहसों बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भक्तों द्वारा मंदिर को फूल मालाओं एवं रंग विरंगे गुब्बारे से सजाया गया था। इस अवसर पर नरेंद्र केसरवानी, दिनेश केसरवानी, सूरज केसरवानी, इशू केसरवानी, शिवम केसरवानी, अमन केसरवानी, रानू केसरवानी, रवि केसरवानी, बच्चा केसरवानी, रुद्र केसरवानी, किशन केसरवानी एवं मोहित केसरवानी सहित आदि भक्त उपस्थित रहे।



## सार्वजनिक रास्ते के ऊपर छत ढालने पर ग्रामीणों में आक्रोश

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के बारों गांव में एक शिक्षक के द्वारा जबरजस्ती सार्वजनिक रास्ते के ऊपर छत ढालने से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।बताया जाता है कि बारों गाँव निवासी एक शिक्षक के द्वारा जहां सरकारी गड़ही को पाट कर कब्जा कर लिया गया है। वहीं सार्वजनिक रास्ते पर ऊपर से मकान का छत ढाल रहा है। जिसको लेकर ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। सोमवार को पीड़ित ग्रामीणों ने एसडीएम फूलपुर को मामले से अवगत कराया तो उन्होंने राजस्व टीम को भेज कर निर्माण को रोका है। शिक्षक के द्वारा सार्वजनिक गड़ही पाटने से जहां बरसात के पानी की जल जमाव हो जाता है। वहीं सार्वजनिक रास्ते पर छत बनवाने से ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ेगी। गांव के सुनील, बृजपाल, रामबली ,जितेंद्र ,लाल जी ,राकेश ,सर्वजीत, राजाराम, फूलचंद, लाल जी,संजय आदि ग्रामीणों ने उतरांव थाने पर और एसडीएम फूलपुर से शिकायती पत्र देकर मनमानी कार्य करने वाले शिक्षक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# विद्यालय की स्थापना के उद्देश्य की हो रही पूर्ति : राजमाता सीता कुमारी

### प्रदेश एवं जनपद में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

**कोरांव।** मंगलवार 23 अप्रैल 2024 के गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज के प्रांगण में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा 2024 में प्रदेश एवं जनपद स्तर पर जिन छात्र-छात्राओं ने अपना स्थान बनाया था, उन छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने का कार्य गोपाल विद्यालय प्रबंध समिति उपाध्यक्ष रुद्र नारायण बाजपेई द्वारा किया गया। गोपाल विद्यालय इण्टर कॉलेज प्रबंध समिति की अध्यक्षा राजमाता सीता कुमारी पत्नी स्व0 राजा बहादुर राजा विश्वनाथ प्रताप सिंह पूर्व प्रधानमंत्री भारत सरकार के आदेश पर कक्षा बारहवीं में प्रदेश में अपना स्थान बनाने वाले छात्र को 11000 नगद तथा कक्षा दसवीं में स्थान बनाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रति छात्र 7500




नगद साथ ही जिले में स्थान बनाने वाले प्रत्येक छात्र-छात्रा को 2100 नगद उपाध्यक्ष रुद्र नारायण बाजपेई द्वारा दिया गया। राजमाता सीता कुमारी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रबंधक राजा अजेय सिंह ने मोबाइल वार्ता के दौरान खुशी जाहिर करते हुए भाव विभोर हुए और उन्होंने कहा कि जिस उद्देश्य की पूर्ति के लिए मेरे पिता ने इस विद्यालय की स्थापना की थी आज विद्यालय उस उद्देश्य को प्राप्त कर रहा है। निरंतर प्रगति पर बढ़ता रहे और शिक्षा सुचारू रूप से मिलती रहे यही मेरी कामना है। उपाध्यक्ष रुद्र नारायण बाजपेई ने प्रांगण में उपस्थित सभी अभिभावकों का माल्यार्पण एवं तिलक लगाकर स्वागत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर मोहम्मद साबिर अली ने आए हुए सभी अभिभावकों छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के उप प्रधानाचार्य डॉक्टर कमलेश त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष बृजेश श्रीवास्तव, गोविन्द मिश्रा एवं समस्त अध्यापक अध्यापिका छात्र-छात्रा और अभिभावक उपस्थित रहे।

## इंडिया गठबंधन का संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**मेजा प्रयागराज।** इंडिया गठबंधन विधानसभा मेजा के नेतृत्व में 24 अप्रैल को सिरसा अमिलहवा स्थित स्वयंवर गेस्ट हाउस में संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया है जिसके मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं लोकसभा प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह एवं विशिष्ट अतिथि सपा विधान परिषद सदस्य मान सिंह यादव मेजा विधायक संदीप पटेल तथा सपा हंडिया विधायक हाकिम लाल बिंद होंगे। उक्त आशय की जानकारी जिलाध्यक्ष कांग्रेस अरुण तिवारी ने दी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सम्मेलन में आगामी चुनाव को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। श्री तिवारी ने उक्त कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को समय से पहुंचने की अपील किया है।

## 25 अप्रैल को मनाया जाएगास्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा का 105 वां जन्मदिन

**प्रयागराज।** स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा जी का 105 वां जन्मदिन 25 अप्रैल 2024 को मनाया जाएगा प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार स्व० हेमवती नंदन बहुगुणा जी का 105 वां जन्मदिवस सिविल लाइन स्थित फायर ब्रिगेड चौराहे के सामने स्थित पार्क में उनके प्रतिमा स्थल पर 25 अप्रैल, 2024 को सुबह 07:30 से 09:30 के बीच में मनाया जाएगा। उक्त जानकारी अखिल भारतीय हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति के जिला अध्यक्ष प्रयागराज श्री संत प्रसाद पांडे जी ने बताया कि स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा जी हम लोगों के आदर्श एवं मार्गदर्शक तथा एक महान राजनेता रहे हैं। आप लोगों से अपील है कि उनके प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# ग्रहों के स्वास्थ्य के लिए हम सभी की है साझा जिम्मेदारी : शिवानी खेरा सोनी

### सेंट पीटर्स स्कूल छतवा में प्रतियोगिता आयोजित कर धूमधाम से मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

**मेजा प्रयागराज।** सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर सेंट पीटर्स स्कूल छतवा में ग्रह बनाम प्लास्टिक थीम प्रतियोगिता का आयोजन पूरे उत्साह के साथ किया गया। इस दौरान स्कूल के छात्र छात्राओं ने पृथ्वी को प्लास्टिक से बचाने के महत्व को दशार्ते हुए लेख, चार्ट पेपर, मॉडल के साथ कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भागीदारी किया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करती हुई स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती शिवानी खेरा सोनी ने कहा कि विद्यार्थियों को तीन आर - रिड्यूस (कम करना), रीयूज (पुनः उपयोग करना) और रीसाइकिल (पुनः चक्रण) की अवधारणा से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कम करने का मतलब बस कम अपशिष्ट उत्पन्न करना है। पुनः उपयोग का अर्थ है उन चीजों के उपयोग के नए तरीके खोजना जिन्हें अन्यथा फेंक दिया जाता है. पुनर्चक्रण ऐसी सामग्रियों को एकत्रित करने और उनका प्रसंस्करण करने की प्रक्रिया है




जिन्हें अन्यथा कचरे के रूप में फेंक दिया जाता है, उन्हें नए उत्पादों में परिवर्तित किया जाता है। श्रीमती शिवानी सोनी ने कहा 22 अप्रैल का दिन हमें ग्रहों के स्वास्थ्य के लिए हम सभी की साझा जिम्मेदारी की याद दिलाता है। उनका मानना है कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा। प्रतियोगिता में विजयी छात्र आदित्य कुशवाहा, अभिनव प्रताप सिंह, यश केशरी, अनुष्का देवन्शी, सक्षम, नमन सेठ, रिया केशरी, आकर्ष कुमार, अंशिका पाल, अनन्या केशरी, अदित्री केशरी और नव्या केशरी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल सभी शिक्षक शिक्षकाओं के अलावा स्टाफ के कई अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# बालिकाएं अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन के साथ साथ खुद के प्रति भी रहें जागरूक : अनु सोनी

### पृथ्वी दिवस पर मेजा ऊर्जा निगम के आरोग्यम अस्पताल ने महिला पालीटेक्निक कालेज मेजा खास में सैनिटरी नैपकिन वितरण समारोह आयोजित कर 300 बालिकाओं को मासिक धर्म और उनके स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**मेजा।** पृथ्वी-दिवस के उपलक्ष्य में मेजा ऊर्जा निगम के आरोग्यम अस्पताल द्वारा मेजा स्थित महिला पॉलिटैक्निक कॉलेज में सैनिटरी नैपकिन वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान 300 बालिकाओं को मासिक धर्म एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए सैनिटरी नैपकिन दिया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अपराजिता महिला समाज की अध्यक्षा श्रीमती अनु सोनी रही। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती अनु सोनी नें उपस्थित बालिकाओं से बातचीत कर उन्हे जागरूक करते हुए कहा कि हम सभी को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के साथ-साथ खुद के प्रति भी सचेत रहना है और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहकर एक स्वस्थ एवं




सशक्त समाज का निर्माण करना है। उन्होने मेजा ऊर्जा निगम के आरोग्यम अस्पताल द्वारा चलाए जा रहे निरंतर प्रयासों की सराहना करते हुए यह भी कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मेजा ऊर्जा निगम हमेशा से ही प्रतिबद्ध रहा है और उसी प्रतिबद्धता को दशार्ते हुए आरोग्यम अस्पताल ने समय-समय पर महिलाओं पर आधारित स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता बढ़ाने हेतु कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। कार्यक्रम में आरोग्यम अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनीषा पांडेय ने बालिकाओं से वातार्लाप कर उनके सभी प्रश्नो का उत्तर देकर उन्हे और अधिक जागरूक किया जिसमें उन्होंने मुख्य रूप से सभी को मासिक धर्म स्वास्थ्य के बारे मे बताया कि कैसे हमारी जागरूकता और छोटे-छोटे प्रयास कई बड़ी बीमारियों से हमें बचा सकते हैं। इसके साथ ही उन्होने यह भी बताया कि कैसे पर्यावरण के अनुकूल होकर हम सभी सैनिटरी नैपकिन को नष्ट कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान ही उन्होंने पृथ्वी-दिवस मनाते हुये सभी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कर इको-फ्रेंडली बैग भी वितरित किए गए। समारोह में आरोग्यम अस्पताल के प्रतिनिधि अपराजिता महिला समाज के प्रतिनिधि एचआर डिपार्टमेन्ट के प्रतिनिधि बालिकाएँ एवं कॉलेज के समस्त स्टाफ के लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे!

# बदमाशों से मुठभेड़, एक को लगी गोली

## हाईवे पर ट्रक लूटने की कर रहे थे तैयारी, पुलिस के रोकने पर की फायरिंग

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** गंगापार इलाके में आधी रात पुलिस और लुटेरों के बीच मुठभेड़ हो गई। नवाबगंज के श्रृंगवेरपुर में लुटेरों का गिरोह हाईवे पर ट्रक लूटने की तैयारी में था। वारदात से पहले पुलिस पहुंच गई।पुलिस को देख बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई जबकि दूसरे को पुलिस ने दबोच लिया। पैर में गोली लगने से जख्मी बदमाश मसीद खान पुत्र जुमई खान को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह प्रतापगढ़ के देहलूपुर का रहने वाला है। पकड़ा गया दूसरा लुटेरा दिलशाद है। वह मऊआइमा इलाके का रहने वाला है। डीसीपी गंगा नगर अभिषेक भारती ने बताया, लखनऊ-प्रयागराज रोड पर नवाबगंज में पुलिस चेकिंग कर रही थी। श्रृंगवेरपुर के पास बाइक सवार दो युवक पुलिस को देख दूसरे रास्ते पर भागने लगे। पुलिस टीम को शक हुआ तो उन्हें रोकने की कोशिश की गई।दोनों बदमाश रुके नहीं। पीछा करने पर पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगे। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की तो मसीद के पैर में गोली लग गई। दोनों बाइक से गिर गए। इसके बाद भी दूसरे बदमाश ने पुलिस पर गोली चलाई। हालांकि टीम ने उसे दबोच लिया। जख्मी लुटेरे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों सोरांव, नवाबगंज, प्रतापगढ़ रोड पर ट्रकों को लूटने वाले गिरोह के सदस्य हैं। पूछताछ में बदमाशों ने खुलासा किया कि सोरांव में ट्रक ड्राइवर और खलासी को बंधक बनाकर लूटपाट की थी। इसके अलावा प्रयापगढ़ में तीन लूट करने की बात कबूल की है। बदमाशों के पास से दो तमंचे और कारतूस मिले हैं।

### कैंसर ट्रीटमेन्ट पर गणतीय माडल पर शोध करने पर नेहा वर्मा को पीएचडी उपाधि

**नैनी।** शुआट्स की शोध छात्रा नेहा वर्मा को गणित में अपना अनुसंधान सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर पीएचडी उपाधि प्रदान की गयी। नेहा वर्मा ने मैथमैटिकल माडलिंग फार कैंसर ट्रीटमेन्ट पर गणतीय माडल तथा विभिन्न पैरामीटर पर अपना अनुसंधान पूरा किया। नेहा वर्मा की पीएचडी वाईवा परीक्षा में बाहरी परीक्षक प्रो0 डा. फिलिप थे। वाईवा में गाईड डा. भावना घोष, विभागाध्यक्ष प्रो. डा. अजीत पॉल, प्रो. डा. अंशिका शुक्ल, प्रो. राजीव खरे आदि उपस्थित रहे। नेहा वर्मा ने अपने अनुसंधान की सफलता का श्रेय, अनुसंधान गाईड डा. भावना घोष का दिया।

### शुआट्स में आईसीएआर पब्लिकेशन प्रदर्शनी 25-26 अप्रैल को

**नैनी।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स), नैनी प्रयागराज में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) पब्लिकेशन प्रदर्शनी 25-26 अप्रैल को सेन्ट्रल लाइब्रेरी में लगाई जायेगी। यह जानकारी देते हुए लाइब्रेरियन क्रिस्टोफर सुधीर जॉर्ज ने बताया कि प्रदर्शनी का उद्घाटन 25 अप्रैल को प्रातः 9.30 बजे प्रति कुलपति (प्रशासन) प्रो. बिश्वरूप मेहरा करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी का उद्देश्य कृषि क्षेत्र की नवीनतम प्रकाशन और अनुसंधान को प्रदर्शित करना है जिससे छात्र-छात्रायें, शोधकर्ता एवं फेकल्टी लाभान्वित हो सकें।

# प्रयागराज में आग लगने से बीएसएनएल की सप्लाई ठप, 11 घंटे बाद सेवा बहाल

**अखंड भारत संदेश**

## 10 लाख मोबाइल यूजर्स रहे परेशान



**प्रयागराज।** प्रयागराज के बीएसएनएल के सिविल लाइंस मुख्य कार्यालय में सुबह करीब 5. 30 बजे आग लग गई। आग से कार्यालय के ट्रांसमिशन की मेन लाइन की केबिल पूरी तरह जल गई। इस केबिल के जल जाने से प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, बांदा और चित्रकूट के सभी टॉवरों की सप्लाई ठप हो गई। इसका करीब 10 लाख मोबाइल यूजर्स पर पड़ा। करीब 11 घंटे बाद रिपेयरिंग होने पर सेवा बहाल हुई लेकिन ब्राडबैंड की लाइन अभी भी पूरी तरह ठीक नहीं हो सकी है।बीएसएनएल के जनसंपर्क अधिकारी आशीष गुप्ता का कहना है कि भोर के वक्त में आग लग गई थी उस वक्त कार्यालय में कोई नहीं था। परिसर में लगे ट्रांसफार्मर में आग लगने से लाइन पूरी तरह ठप हो गई। सुबह फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों ने आग बुझाई। आग से ट्रांसमिशन की मेन मीडिया केबिल जल गई। प्रयागराज के साथ ही कौशाम्बी, प्रतापगढ़, बांदा और चित्रकूट के करीब 1457 मोबाइल टॉवर पूरी तरह से ठप हो गए। इसी वजह से बीएसएनल की ब्राडबैंड सेवा पर असर पड़ा। युद्ध स्तर पर मरम्मत का कार्य कराया गया लेकिन कई घंटे का वक्त लगा। मोबाइल नेटवर्क बहाल करने में दस घंटे से ज्यादा का वक्त लगा। लग गए।सरकारी कार्यालयों में सबसे ज्यादा परेशानी बीएसएनएल की लाइन पूरी तरह ठप होने से लाखों लोगों की परेशानी बढ़ गई। बीएसएनएल की सर्विस ठप हो जाने से इलाहाबाद हाईकोर्ट, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, कचहरी, बैंक, जिला कलेक्ट्रेट समेत तमाम सरकारी बैंक व दफ्तर के कामकाज भी प्रभावित होने लगे। सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों के पास बीएसएनएल के सीयूजी नंबर ही हैं। ऐसे में सबका बुरा हाल रहा।

# आजम खां को राहत नहीं, अगली सुनवाई 6 मई को

**इलाहाबाद हाईकोर्ट में फर्जी जन्म प्रमाणपत्र पर सुनवाई, अगली तारीख में कपिल सिब्बल रखेंगे पक्ष**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सपा नेता आजम खां और उनके परिवार को हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली। सपा नेता आजम खां के बेटे मोहम्मद अब्दुल्ला आजम के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के मामले में मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। आजम खां, उनकी पत्नी तंजीम फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम की अपील पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है।मंगलवार को राज्य सरकार और शिकायतकर्ता के वकील की तरफ से हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखा गया। जस्टिस संजय कुमार सिंह की सिंगल बेंच ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद तारीख लगा दी। अब मामले की सुनवाई 6 मई को होगी। माना जा रहा है कि अगली सुनवाई पर आजम खां की तरफ से एक बार फिर वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल अपना पक्ष रखेंगे।

### आजम परिवार का क्या है पूरा मामला

रामपुर से भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 2019 में रामपुर के गंज थाने में सपा के राष्ट्रीय महासचिव आजम खां के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो जन्म प्रमाणपत्र होने का मामला दर्ज कराया था। रामपुर के गंज थाने में आईपीसी की धारा 193, 420, 467, 468, 471 के तहत एफआईआर दर्ज हुई थी। इसमें आजम खां और उनकी पत्नी डॉ. तंजीन फातिमा को भी आरोपी बनाया गया था। रामपुर एमपी/एमएलए कोर्ट ने अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के मामले में तीनों को सात-सात साल की सजा सुनाई थी।तीनों ने रामपुर सेशन कोर्ट के यहां से जमानत याचिका खारिज होने वाले फैसले को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए जमानत देने और सजा को रद्द करने के लिए क्रिमिनल रिवीजन याचिका दाखिल की है।



### ट्रायल पर रोक लगाने वाली याचिका हुई थी खारिज

पिछले साल रामपुर एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रहे ट्रायल पर रोक लगाने वाली आजम खां की याचिका को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। आजम खां के बेटे अब्दुल्ला आजम ने 2017 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में रामपुर जिले की स्वार सीट से जीत हासिल की थी। अब्दुल्ला ने इस चुनाव में बहुजन समाज पार्टी उम्मीदवार नवाब काजिम अली खान को हराया था।चुनाव नतीजों के बाद बसपा उम्मीदवार नवाब काजिम ने अब्दुल्ला के स्कूल और बर्थ सर्टिफिकेट में दो अलग-अलग जन्मतिथि को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर उनकी सदस्यता रद्द करने की मांग की थी।इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस मामले में अपना फैसला सुनाते हुए अब्दुल्ला की सदस्यता को रद्द करने का आदेश दिया था। अब्दुल्ला ने हाईकोर्ट के इसी आदेश को सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती दी थी। हालांकि उसे इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से भी कोई राहत नहीं मिली थी।तीनों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में सेशन कोर्ट के फैसले के खिलाफ क्रिमिनल रिवीजन याचिका दाखिल की है। मामले में शिकायतकर्ता आकाश सक्सेना के अधिवक्ता शरद शर्मा अपना पक्ष रख रहे हैं।

# खुदी सड़कों पर पानी का छिड़काव तक नहीं

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत स्वच्छ वायु का सर्वे करने प्रयागराज आई केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने जिले में खुदी सड़कों को देखा। यहां निर्माण के लिए सड़कों की खुदाई तो हुई थी, लेकिन कहीं भी पानी का छिड़काव नहीं था। इसलिए आसपास क्षेत्र में धूल के कण उड़ते दिखे, इस पर टीम गंभीर नजर आई। टीम दिल्ली में केंद्र सरकार को अपनी रिपोर्ट देगी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से वैज्ञानिक कमल कुमार और वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक मो. फैसल ने मंगलवार को नगर निगम के अफसरों के साथ 15वें वित्त के तहत बनाई गई सड़कों का निरीक्षण किया। अमिताभ बच्चन मार्ग और जीटी रोड सोहबतियाबाग में रौजा से पटेल चौराहे के बीच कराए गए कार्यों और अलोपीबाग फ्लाईओवर के पास बनी सड़क काकेंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से वैज्ञानिक कमल कुमार और वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक मो. फैसल ने मंगलवार को नगर निगम के अफसरों के साथ 15वें वित्त के तहत बनाई गई सड़कों का निरीक्षण किया। अमिताभ बच्चन मार्ग और जीटी रोड सोहबतियाबाग में रौजा से पटेल चौराहे के बीच कराए गए कार्यों और अलोपीबाग फ्लाईओवर के पास बनी सड़क का हाल देखा। पोर्टल पर अपलोड हुई सूचना से इसका मिलान कराया। इसके बाद टीम जिले में भ्रमण के लिए निकली। सभी विभागों के काम में बड़ी चूक दिखाई दी, जिसके तहत खुदी सड़कों पर पानी का छिड़काव भी नहीं किया गया था। काम चाहे लोक निर्माण विभाग का हो, सेतु निगम का, नगर निगम या प्रयागराज विकास प्राधिकरण का। हर जगह काम के दौरान सड़कें खुदी थी और धूल उड़ती दिखी। निरीक्षण के बाद टीम ने जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल व अन्य विभागीय अफसरों के साथ बैठक की। इस दौरान विकास कार्यों के दौरान वायु प्रदूषण को रोकने के लिए पानी का छिड़काव कराने पर जोर दिया गया।

## न्यूज झरोखा

### श्रद्धा, उल्लास से मनाई गई हनुमान जयंती



**प्रयागराज।** पवन सुत हनुमानजी की जयंती मंगलवार को श्रद्धा, उल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर हनुमान मंदिरों में भोर से देर रात तक बजरंगबली के जयकारे गूंजते रहे। मंदिरों में पट खुलते ही पूजा-अर्चना के साथ हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, बजरंग वाण का पाठ किया गया। इस अवसर पर हनुमान जी का महाभिषेक, पूजन व भव्य श्रृंगार किया गया। आचार्यों के सानिध्य में विधिविधान से 56 भोग लगाया गया। मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। शहर से संगम तक जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। गर्मी को देखते हुए कई स्थानों पर संस्थाओं की ओर से शरबत वितरित किया गया।सबसे अधिक भीड़ बड़े हनुमान मंदिर में रही। मंगला आरती के बाद भोर से ही दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगने लगी। हाथ में प्रसाद लिए श्रद्धालु पवन सुत की जय- जयकार करते हुए कतार में कदम-कदम बढ़ाते रहे। बाघंब मठ के महंत बलवीर गिरि के सानिध्य में हनुमान जी का विधिविधान 108 लीटर दूध, 31 लीटर दही, 11 किलो गाय का घी, 11 किलो शहद, 11 किलो रस और 51 किलोग्राम पंचामृत से अभिषेक किया गया। महंत ने हनुमान जी का महाश्रृंगार और आरती-पूजन कर 56 भोग लगाया गया। इस मौके पर मंदिर को बहुरंगी पुष्पों और गुब्बारों से सजाया गया। राजापुर हनुमान मंदिर, हाईकोर्ट के पास स्थित न्यायविद हनुमान मंदिर, दारागंज हनुमान मंदिर, बाल स्वरूप हनुमान मंदिर बताशा मंडी समेत सभी हनुमान मंदिरों में अनुष्ठान पूजन किया गया।

### सबका साथ-सबका विकास-सबका प्रयास-सबका विश्वास नारे के साथ नीरज त्रिपाठी ने नैनी में जन संवाद किया



**प्रयागराज।** 52 वीं लोकसभा इलाहाबाद भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने नैनी में जन संवाद किया। भाजपा मीडिया प्रभारी गोपाल जी मालवीय ने बताया विधानसभा शहर दक्षिणी के क्षेत्र महेवा में स्थित भैरव बाबा मन्दिर के पास आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में सम्मिलित होकर, भाजपा की डबल इंजन सरकार की योजनाओं व नीतियों की उपलब्धियों को एवं भाजपा संकल्पपत्र के विषयों को जनमानस के समझ प्रस्तुत कर, आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने का आग्रह किया । इस जन संवाद में नीरज त्रिपाठी जी का जगह-जगह अभिवादन एवं स्वागत हुआ। जन संवाद के आयोजक ज्ञानेश्वर शुक्ला विधानसभा संयोजक की नेतृत्व में हुआ महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा कभी जोरदार स्वागत हुआ । जनसंपर्क महेवा भैरव जी के मंदिर से शुरू हुआ, डांडी गंगोत्री नगर होते हुए दुबे तालाब सीतारमन , राजन शुक्ला, विश्वनाथ भारती, नरसिंह , बबलू तिवारी,शिवदानी सिंह, हंसराज शर्मा, महेंद्र प्रजापति, रणजीत सिंह के आवास पर हुआ। जनसंवाद अभियान में महेवा ,डाडी गंगोत्री नगर ,दुबे तालाब, चक दोंदी, नैनी बाजार, मुक्ता बिहार, नैनी, आईटीआई, पीडीए कॉलोनी प्रथम द्वितीय, काजीपुर उत्तरी लोकपुर, खरकौनी पर देर रात्रि समाप्त हुई। नैनी मंडल के अध्यक्ष दिलीप केसरवानी, रविंद्र जायसवाल मंडल प्रभारी, नैनी मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी एवं सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी शामिल रहे।

### गंगा स्नान करने गया किशोर डूबा, मचा हड़कंप

**प्रयागराज।** थाना क्षेत्र के अतरी अमिलिया गांव का किशोर गंगा स्नान करने के दौरान डूब गया जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार अतरी अमिलिया गांव का दीपांशु पांडेय (17) पुत्र सुनील पांडेय मंगलवार सुबह नौ बजे हनुमान जयंती पर गांव से बस से प्रयागराज के अरैल गंगा घाट पर स्नान करने पहुंचा था। स्नान के दौरान वह गहरे पानी में समा गया। जिससे लोगों में हड़कंप मच गया। दीपांशु मां-दो बहनों के साथ घर का इकलौता चिराग था। इस बार वह इंटर की परीक्षा पास किया था। किसी ने उससे कहा था कि मंगलवार को हनुमान जयंती पर गंगा स्नान के बाद हनुमान जी की पूजा कर लेना। इसीलिए वह बस से अरैल घाट पहुंचा था। स्नान के दौरान गंगा में समाहित हो गया। पिता सुनील पांडे कैंसर से पीड़ित हैं। इकलौती संतान की गंगा में डूबने से घर का चिराग बुझ गया। दीपांशु की मौत से जहां परिजनों का रो।

### गर्मी के मौसम में यात्रियों के लिए सस्ती दर पर भारतीय रेल करा रही है भोजन उपलब्ध

**प्रयागराज।** भारतीय रेलवे, इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (भारतीय रेल सीटीसी) के साथ मिलकर एक नई पहल के साथ यात्रियों, विशेषकर अनारक्षित कोचों में यात्रियों की सेवा के लिए कदम बढ़ा रही है, जिसमें सस्ती दरों पर स्वच्छ भोजन और नाश्ते की सुविधा प्रदान की जा रही है। भारतीय रेल अनारक्षित डिब्बों (सामान्य श्रेणी कोच) में यात्रा करने वालों के सामने आने वाली स्मस्याओं के प्रति जागृत है, जिनके पास हमेशा सुविधाजनक और बजट-अनुकूल भोजन विकल्प तक पहुंच नहीं हो सकती है।

**यह पहल दोतरफा दृष्टिकोण प्रदान करती है:** सस्ता भोजन: जेब के अनुकूल कीमत रु. 20/- में, ये भोजन यात्रा के दौरान यात्रियों के लिए एक संतोषजनक और सस्ताविकल्प प्रदान करता है। नाश्ता: हल्का नाश्ता चाहने वालों के लिए, रु. 50/- का नाश्ता भी उपलब्ध है। आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए, ये भोजन और पानी प्लेटफार्मों पर सामान्य द्वितीय श्रेणी (जीएस) कोचों के पास सुविधाजनक रूप से स्थित काउंटरों पर उपलब्ध होंगे। यात्री सीधे इन काउंटरों से अपना नाश्ता खरीद सकते हैं, जिससे विक्रेताओं की तलाश करने या स्टेशन के बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# रेल यात्रियों के साथ फ्रॉड करने वाला जालसाज गिरफ्तार

**फर्जी यूजर आईडी से टिकट बुक करता था, लोगों से मनमाने दाम पर बेचता था**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** ट्रेन के टिकटों की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ आरपीएफ अभियान चला रही है। रेलवे मुख्यालय साइबर सेल से सूचना मिलने के बाद आरपीएफ ने टिकटों को बेचने वाले आजाद हुसैन को गिरफ्तार किया है। आजाद दक्षिण नाबाबपुर मालिकपारा थाना चंडी ताला हुबली (पश्चिम बंगाल) का रहने वाला है। शहर में वह सुल्तानपुर भावा नुरूल्ला रोड के एक मकान में रहकर यह धंधा कर रहा था।आजाद हुसैन के पास से छापेमारी में 117 यूजर आईडी मिली है। इन्हीं के जरिए वह टिकटों की बुकिंग कर महंगे दामों में बेचता था। आजाद एक साफ्टवेयर के माध्यम से पर्सनल यूजर आईडी पर अवैध रूप से ई-टिकट बनाकर बेच देता था। वह हर टिकट पर दो सौ से तीन सौ रुपये अधिक लेता था। उसके पास से कई अहम ट्रेनों के टिकट बरामद हुए जिनकी कीमत 81,263.05 रुपये हैं।आरोपी ने घर में ही कार्यालय बनाया हुआ था। वहां से लैपटाप, मोबाइल, हार्ड डिस्क आदि बरामद हुई है। आरपीएफ छापेमारी के बाद आरपीएफ ने मामला दर्ज कर लिया है। पकड़े गया युवक तीन साल से टिकटों की कालाबाजारी कर रहा था।

**99 मामले दर्ज, 105 गिरफ्तार**

उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान रेलवे सुरक्षा बल ने ई-टिकटों के अवैध कारोबार करने के 99 मामले दर्ज किए हैं। अब तक आरपीएफ ने 105 व्यक्तियों की गिरफ्तार किया है। इन धंधेबाजों के पास से 28,91,290 रुपये कीमत की 1889 ई-टिकट बरामद किए हैं। 755 फर्जी यूजर आईडी पकड़ी है।

### झगड़े के बाद अधेड़ की हार्ट अटैक से हुई मौत

**फाफामऊ।** गद्दोपुर चराहे पर दो दिन पहले से जर्जर मकान को लेकर हुए विवाद को लेकर मंगलवार को हुए दो पक्षों के झगड़े के कुछ घंटे बाद एक पक्ष के अधेड़ की हार्ट अटैक आ गया। परिजनों ने अधेड़ को इलाज हेतु अस्पताल ले गए तो उसकी मौत हो गई। मृतक अधेड़ के घर वालों ने दूसरे पक्ष पर अधेड़ को परेशान करने का आरोप लगाते हुए घर पर हंगामा किया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक गद्दोपुर चौराहे पर स्थित एक जर्जर मकान था। मकान में दीवाल एक ही थी और छत दो लोगों का अलग अलग था। जिस पर पुनः निर्माण करने के लिए एक पक्ष ने दीवाल गिराने लगे जिस पर दूसरे पक्ष ने दीवाल गिराने का विरोध किया तो दोनों पक्षों में झगड़ा होने लगा। झगड़ा होने के बाद दीवाल गिराने का विरोध कर रहे अधेड़ रामजी साहू 55 वर्ष पुत्र पन्नालाल को कुछ घंटे बाद हार्ट अटैक आ गया। परिजन रामजी साहू को इलाज हेतु अस्पताल ले गए जहां पर उसकी मौत हो गए। रामजी साहू की मौत होने के बाद परिजन आक्रोशित हो गए और आरोपियों के घर पर चढ़कर हंगामा करने लगे। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। इस संबंध में फाफामऊ थाना प्रभारी प्रवीण कुमार गौतम का कहना है मृतक के परिजन ने तहरीर दी है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# सेरेब्रल पाल्सी में फिजियोथेरेपी ही एकमात्र उपाय है

**झूंसी।** वेद एडवांस्ड फिजियोथैरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर के तत्वाधान में मंगलवार को सेरेब्रल पाल्सी से प्रभावित बच्चों के लिए आयोजित चिकत्सीय कार्यशाला के आए हुए समस्त डॉक्टर्स ने बताया कि सेरेब्रल पाल्सी से ग्रसित बच्चो में फिजियोथेरेपी ही एकमात्र विकल्प है। सेरेब्रल पाल्सी से ग्रसित बच्चों को सक्षम बनाने और समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए यदि अन्य कोई समस्या साथ में जुड़ी हुई है तो उसका उपचार कुछ दिन की दवाइयों से किया जा सकता है परंतु सक्षम बनके समाज का एक प्रमुख अंग बनने के लिए फिजियोथेरेपी ही एकमात्र उपाय है। कार्यशाला में वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष टंडन, वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आलोक राय, डॉ. निशा यादव, डॉ. जमील खान ने उपस्थित उपस्थित बच्चों का परीक्षण कर चिकित्सीय सलाह दिया। आयोजन डॉ. वेद राजपूत में सभी का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि केंद्र बीते एक वर्ष में सेरेब्रल पाल्सी से ग्रसित लगभग 200 बच्चों का इलाज ऑफलाइन एवं ऑनलाइन थेरेपी के माध्यम से कर चुका है।





# संगम नगरी में नामांकन की तैयारियां शुरू, 200 मीटर दूर रहेंगे वाहन, लगेंगे सीसीटीवी

**प्रयागराज।** संगम नगरी में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी तेज हो गई है। जनपद में छठें चरण में 25 मई को होने वाले मतदान के लिए 29 अप्रैल से नामांकन शुरू हो जाएगा। इसी तिथि पर जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चहल की ओर से जनपद में अधिसूचना भी जारी की जाएगी।जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर नामांकन की तैयारी शुरू करा दी गई है। सोमवार को सीडीओ गौरव कुमार ने फूलपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए जिलाधिकारी न्यायालय में बनाए गए नामांकन कक्ष तथा इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र के लिए सीआरओ न्यायालय में बने नामांकन कक्ष का निरीक्षण किया। दोनों कक्षों में दो-दो सीसीटीवी कैमरा लगाने के साथ ही अन्य प्रबंध कराने के निर्देश दिए। नामांकन कक्षों के बाहर नोटिस बोर्ड लगाने के साथ ही साफ-सफाई कराने को कहा

**अधिसूचना जारी होते ही मिलने लगेंगे नामांकन पत्र :**

कलेक्ट्रेट में प्रवेश और निकास के साथ ही बैरिकेडिंग की तैयारी को भी देखा। हेलीकाप्टर चौराहा तथा लक्ष्मी टाकीज चौराहा तक ही वाहन जा सकेंगे। यहां पुलिस के बैरियर लगाए जाएंगे। जनपद में नामांकन पत्रों की बिक्री होने लगेगी। दावेदार उसी दिन नामांकन पत्र खरीद कर जमा भी कर सकते हैं। नामांकन में प्रत्याशी के साथ चार लोगों को ही नामांकन कक्ष में प्रवेश मिलेगा। एक प्रत्याशी चार सेट नामांकन पत्र दाखिल कर सकेगा।निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों के अनुसार राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के दावेदार को एक प्रस्तावक देना होगा। रजिस्ट्रीकृत दल या निर्दलीय प्रत्याशी को 10 प्रस्तावक देने हैं। सभी प्रस्तावक उसी लोकसभा क्षेत्र से होने चाहिए, जिससे चुनाव लड़ने के लिए नामांकन भरा जा रहा है। प्रत्याशी देश के किसी भी लोकसभा क्षेत्र का मतदाता हो सकता है।

**ऐसे होगा नामांकन :**

सुविधा पोर्टल या एप पर आनलाइन नामांकन भी कराया जा सकता है, मगर नामांकन पत्र एवं प्रारूप-26 में शपथ पत्र भरकर डाउनलोड करना होगा। इसकी हार्ड कापी अनिवार्य रूप से निर्वाचन अधिकारी को देना होगा। नामांकन में सामान्य वर्ग के प्रत्याशी को 25 हजार रुपये की जमानत राशि जमा होगी। अनुसूचित जाति के प्रत्याशी को जमानत राशि साढ़े बारह हजार रुपये जमा करने होंगे। प्रत्याशी अंतिम दिन तक पार्टी का सिंबल जमा करके फार्म डी दाखिल कर सकता है। इस दौरान एडीएम प्रशासन पूजा मिश्रा, एडीसीपी क्राइम सतीश चंद्र भी मौजूद रहे।

# शादी समारोह में डीजे में डांस के दौरान बाराती आपस में भिड़े

## जमकर चले ईंट पत्थर,किसी का फूटा सिर, किसी का टूटा पैर

**कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में शादी समारोह में बारात में डीजे में डांस के दौरान बारात पक्ष के लोग आपस में ही किसी बात को लेकर भिड़ गए,कई लोगो ने आपस में मारपीट की,तभी किसी ने ईंट पत्थर चला दिया,जिससे एक युवक का सिर फूट गया,कही दूल्हे के जीजा का गाल सूज गया तो वही दूल्हे के मामा के पैर में चोट आ गई।जिसका सिर फूटा वहा अपनी शर्ट को सिर पर बांधकर अस्पताल पहुंचा जहा उसे सिर पर 6 टांके लगे है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे में मंगलवार को देर रात बारात जब गेस्ट हाउस पहुंची तो बाहर ही दुल्हा पक्ष के लोग किसी बात को लेकर आपस में भिड़ गए,आपस में ही मारपीट होने लगी,तभी किसी युवक ने ईंट पत्थर चला दिया,जिसमे पुरानी बाजार के एक युवक का सिर फूट गया,जिसे लेकर उसके साथी अस्पताल भागे,जहा उसे 6 टांके लगाए गए तब उसका खून निकलना बंद हुआ,वही दूल्हे के जीजा का गाल सूज गया,जिसकी बर्फ से सिंकाई की गई तो वही दूल्हे के मामा के पैर में भी चोट आ गई और खून बहने लगा,जिसे लेकर लोग अस्पताल पहुंचे।मारपीट के दौरान उपद्रवी बारात से फरार हो गए।

### आरएएफ में धूमधाम से हनुमान जयंती मनाई गई

**फाफामऊ।** शांतिपुरम स्थित आरएएफ 101,बटालियन कैंप में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूम-धाम के साथ मनाया गया। जैसा कि विदित है कि इस वर्ष हनुमान जी की जन्मोत्सव चैत्रशुक्ल की पूर्णिमा को मनाया जा रहा है, इसी क्रम में 101 आरएएफ में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में अखण्ड रामचरितमानस के पाठ का शुभारंभ वाहिनी के कमाण्डेन्ट मनोज कुमार गौतम द्वारा किया गया तथा पूजा व हवन विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर कमाण्डेन्ट महोदय ने उपस्थित कार्मिकों एवं उनके परिवार जनों को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं दी। इसी तरह बाईपास फाफामऊ स्थित विनीता हॉस्पिटल में हर्षोल्लास के साथ हनुमान जयंती मनाई ज्ञान। इस अवसर पर विनीता हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. बिंदू विश्वकर्मा ने वा अन्य कर्मचारियों ने सुंदर काण्ड किया और हनुमान जी का पूजा पाठ किया। इस अवसर पर डॉ. विनीता विश्वकर्मा वा अन्य स्टाफ उपस्थित रहें।

# प्राचीन हनुमान मंदिर चिलबिला में मनी हनुमान जयंती

## भव्य श्रृंगार कर हनुमान भक्तों ने उतारी आरती



हनुमान मंदिर में आरती उतारते श्रद्धालु।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** श्री हनुमान जी महाराज की जयंती पर प्राचीन हनुमान मंदिर चिलबिला पर विभिन्न आयोजन हनुमान भक्तों ने आयोजित किया। सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ मंदिर में उमड पड़ी थी। पूरे मंदिर परिसर को फूल मालाओं एंव विद्युत झालरों एवं गुब्बारों से सजाया गया था। मंदिर समिति के महासचिव समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने श्री हनुमान जी महाराज, राम दरबार, माताजी, भगवान भोलेनाथ का विधिवत पूजन अर्चन कर भव्य श्रृंगार कर केक काटकर महा आरती की।

श्री हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव की सभी को बधाई देते हुए कामना की। अपने भक्तों का कल्याण करें हम सबको अपने चरण शरण में बनाए रखें। यही प्रार्थना है सभी भक्तों ने सुंदरकांड का पाठ कर प्रसाद का वितरण किया गया। पूरे दिन भक्तों ने पूजन अर्चन कर हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव मनाया। महिलाओं ने सोहर मंगल गीत गाकर अंजनी माता को भी बधाई दी। सुबह से ही हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव मनाने में सूरज कुमार उमरवैश्य, शनि महाराज, सोनू महाराज, अनिल कुमार, विवेक कुमार, आदर्श कुमार, रामगोपाल, कपिल देव, प्रमोद कुमार, छोटेलाल सोनी, श्याम बाबू, राकेश कुमार, तुलसीराम, अमन गुप्ता, दिनेश कुमार, आशीष कुमार, सुरेश कुमार, छेदीलाल, संतोष कुमार, देवानंद आदि सैकड़ो की संख्या में हनुमान भक्त उपस्थित रहे।

## हनुमान जयन्ती पर सामूहिक सुन्दरकाण्ड व भण्डारों में उमड़े श्रद्धालु

### बाबा घुइसरनाथ धाम समेत बाजारों में हुआ जयंती पर भण्डारा एवं संकीर्तन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र में नगरीय एवं ग्रामीण अंचलों में हनुमान जयन्ती श्रद्धा एवं आस्था के साथ धूमधाम से मनायी गयी। पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में मंगलवार को हनुमान जयंती पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हनुमान जी महराज का दर्शन पूजन किया। मंदिर के महन्थ मयंक भाल गिरि के संयोजन मे हनुमान जयंती पर भगवान बजरंगबली का भव्य श्रृंगार श्रद्धालुओं के लिए मनमोहक दिखा। लालगंज बाजार में मंदिरों तथा सार्वजनिक प्रतिष्ठानों के सामने हनुमान जयंती पर पूजन अर्चन के साथ भण्डारों में श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा। चैक पर समाजसेवी ज्ञानचंद्र मोदनवाल के संयोजन में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध प्रसाद ग्रहण किया। रजत मोदनवाल के संयोजन में भगवान बजरंगबली की महाआरती हुई। रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल भण्डारे में श्रद्धालुओं के साथ आरती पूजन किया। यहां व्यापार मण्डल के पूर्व अध्यक्ष राकेश तिवारी गुडडू, गौरीशंकर पाण्डेय, दिनेश सिंह, विजय मोदनवाल, रवि मोदनवाल, अंकुर मोदनवाल आदि रहे। कोतवाली के समीप हरिहरमंदिरम में हनुमान जयंती पर भजन व संकीर्तन का आयोजन किया गया। यहां पंचमुखी हनुमान की आरती मनमोहक दिखी। कार्यक्रम का संयोजन पं. अशोक तिवारी व जमुना तिवारी तथा रामचंद्र शुक्ल ने किया। सीएचसी परिसर में हनुमान मंदिर पर मोनू पाण्डेय तथा मानवेन्द्र सिंह के संयोजन में श्रद्धालुओं को शरबत का प्रसाद वितरित किया गया। यहां डा0 नीरज शुक्ला, डा0 रंजन जायसवाल, रवि तिवारी, गौरव मिश्र, देवकुमार दुबे आदि रहे। वहीं डिग्री कालेज गेट के सामने केशव मिश्र के संयोजन में तथा सूर्य नारायण मार्केट में राजेश मिश्र के संयोजन में भण्डारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। नेशनल हाइवे के हनुमत निकेतन में पं. वङ्काघोष ओझा के संयोजन में सामूहिक सुन्दरकाण्ड व हनुमान चालीसा के पाठ में श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। हनुमान जयंती को लेकर इनहन भवानी धाम में आचार्य राजेश मिश्र के संयोजन में हनुमान जयंती धूमधाम से मनायी गयी। ककोरिहा गोडवा में समाजसेवी कालिका प्रसाद पाण्डेय के संयोजन में हुए भण्डारे में देर शाम तक श्रद्धालुओं ने हनुमान जी महराज का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का संयोजन सुभाषचंद्र पाण्डेय ने किया। वहीं घरों में भी श्रद्धालुओं को हनुमान जयंती पर पूजन अर्चन में रमे देखा गया।



लालगंज चौक पर भण्डारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

# न लाउडस्पीकर का शोर, न चुनावी धमा चौकड़ी

## भाजपा व सपा सुबह शाम कर रहे प्रचार, बसपा का प्रत्याशी घोषित नहीं

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** इस बार के लोक सभा चुनाव में भीषण गर्मी के चलते दिन में सन्नाटा पसरा रहता है, सड़कें भी सूनी दिखाई देती है। इसके अलावा न लाउडस्पीकर का शोर और न ही चुनावी धमा चैकड़ी। केवल सोशल मीडिया पर प्रत्याशियों के चर्चाएं चल रही हैं।

एक तरह से इस बार के चुनाव प्रचार ने अपना तौर तरीका बदल दिया है। अभी तक भाजपा और समाजवादी पार्टी ने अपने प्रत्याशी घोषित किये हैं। भाजपा ने संगम लाल गुप्ता और सपा ने एसपी पटेल को मैदान में उतारा है। खास बात यह कि घोषणा होते ही सपा और भाजपा में अन्तर्विरोध के स्वर भी उठे लेकिन हाईकमान का रुख देते हुए अब विरोध की चर्चाएं कम हो गई है। भाजपा व सपा के प्रत्याशी सुबह शाम प्रचार में निकल रहे हैं। बसपा ने अभी तक अपना पत्ता ही नहीं खोला है, केवल चर्चा है कि बसपा किसी ब्राहमण प्रत्याशी को उतार सकती है। भाजपा का चुनाव प्रचार संगठन के बलबूते आगे चल रहा है जबकि सपा के प्रत्याशी घर-घर जाकर शहर व गांव में लोगों से मिल जुल रहे हैं। वैसे चुनाव का शोर अभी शुरु ही नहीं हुआ है, प्रचार में सुस्ती का दो कारण हो सकता है कि एक तो दिन में प्रचण्ड गर्मी का पारा 42 डिग्री पहुंच गया है और लू के थपेड़े शाम तक बने रहते हैं, दूसरी बात शादी ब्याह में ज्यादातर लोग शाम को भी अपने घरों में नहीं मिल पा रहे हैं। वैसे प्रतापगढ़ का संसदीय चुनाव अभी एक महीने दूर है अर्थात 25 मई को और कौशाम्बी क्षेत्र के कुण्डा व बाबागंज विधान सभा क्षेत्रों में 20 मई को मतदान होगा। प्रशासन की तैयारी जोरों पर चल रही है। प्रशिक्षण का कार्य चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारी व पुलिस के लोगों को निर्देश जारी किया जा रहा है।

# कुएं में मिला युवती का शव, परिजनों में कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना क्षेत्र के नसीरपुर गांव में मंगलवार की सुबह युवती का शव कुएं में मिलने से हडकंप मच गया। गांव के समीप कुएं मे सुबह ग्रामीणों को एक शव उतराया दिखा। शोरशराबा सुनकर गांव के लोग जुटे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस तथा फायर बिग्रेड की टीम घटनास्थल पर पहुंची। फायर बिग्रेड की टीम ने कुएं में पानी भरवाकर शव बाहर निकलवाया। शव क्षत विक्षत हो गया था। शव की पहचान गांव के रामदयाल गुप्ता की पुत्री अन्तिमा गुप्ता 25 के रूप में हुई। शव देखते ही अंतिमा के परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे।

पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर पीएम के लिए भेजवाया। जानकारी के मुताबिक मृतका अंतिमा बीती तेरह अप्रैल को गृह कलह से क्षुब्ध होकर दोपहर घर से निकली थी। परिजनों ने उसकी तलाश किया किंतु पता नही चल सका। इस बीच परिजनों की तहरीर पर तेरह अप्रैल को उदयपुर पुलिस ने बेनीदीन का पुरवा नसीरपुर निवासी दिनेश तिवारी के पुत्र राजेश के खिलाफ अंतिमा के अपहरण का मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने राजेश से पूछताछ की किंतु कोई ठोस जानकारी नही मिल सकी। उदयपुर एसओ राधेबाबू का कहना है कि शव पीएम के लिए भेजा गया है। जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## जमीन कब्जा कर रहे विरोध करने पर महिला को पीटा शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आबादी की भूमि पर पड़ोसियों द्वारा कब्जा कर रहे थे, जिसका विरोध करने पर महिला को उक्त लोगों ने मार पीट कर घायल कर दिया। कोतवाली इलाके के माजीठी गांव की रहने वाली रेखा देवी पत्नी दयाशंकर ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसकी आबादी की भूमि पर मंगलवार की सुबह पड़ोसियों द्वारा कब्जा किया जा रहा था। जिसका विरोध करने के लिए गई थी। उत्त लोगों ने मां बहन को गालियां देते हुए मारने पीटने लगे। महिला भाग कर अपनी जान बचाई। और प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में अध्यक्ष व महामंत्री पद पर होगा रोचक मुकाबला

## तीन पदों के साथ कार्यकारिणी सदस्य हुए निर्विरोध निर्वाचित

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में नाम वापसी के दिन दो प्रत्याशियों ने अपनी दावेदारी वापस ले ली। इसके तहत संयुक्त मंत्री पद पर पंकज कुमार तिवारी तथा आय व्यय निरीक्षक पद पर आनन्द मोहन श्रीवास्तव ने चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के समक्ष नामांकन वापसी का आवेदन प्रस्तुत किया। दोनों प्रत्याशियों की दावेदारी वापसी की मंजूरी के बाद अब संयुक्त मंत्री पद पर वेदव्रत त्रिपाठी तथा आय व्यय निरीक्षक पद पर हरिनारायण पाण्डेय का भी निर्विरोध निर्वाचित हुए है। इसके पूर्व प्रचार मंत्री पद पर एक मात्र नामांकन को लेकर विनोद कुमार शर्मा तथा कार्यकारिणी सदस्य पर मो. असलम तथा आशुतोष द्विवेदी व मो. दानिश एवं सतीश पाण्डेय भी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। नाम वापसी के बाद सबसे रोचक मुकाबला इस बार अध्यक्ष तथा महामंत्री पद पर देखा जा रहा है। अध्यक्ष पद पर संदीप सिंह, शैलेन्द्र मिश्र, घनश्याम मिश्र, राजेशचंद्र त्रिपाठी, प्रवीण यादव, विनोद मिश्र, विजय त्रिपाठी, संतोष पाण्डेय के बीच दिलचस्प मुकाबला बना है। वहीं महामंत्री पद पर हरिश्चंद्र पाण्डेय, संजीव तिवारी, अरविंद पाण्डेय तपन तथा महेश पटेल व सूर्यकांत निराला के बीच संघर्ष का माहौल गरम देखा जा रहा है।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर विभाकर नाथ शुक्ल, अबरार अहमद, निवर्तमान उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुर्वेदी एवं उपाध्यक्ष पद पर विनय जायसवाल गबलू, आशीष तिवारी, बालेन्दु कुमार त्रिपाठी एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए सत्यम त्रिपाठी व अभिषेक शुक्ल के बीच मुकाबला होगा। चुनाव समिति की बैठक में वैध प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी गयी है। समिति के महामंत्री देवी प्रसाद मिश्र ने बताया कि प्रत्याशियों को छः मई तक चुनाव प्रचार का मौका दिया गया है। बैठक में एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, अजय शुक्ल गुडडू, राधारमण शुक्ल, शिवाकांत उपाध्याय, बेनीलाल शुक्ल, रामलगन यादव, टीपी यादव, लाल राजेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र सिंह अगई, विकास मिश्र आदि रहे।

# करंट से छात्र की मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विद्युत करंट की चपेट में आने से छात्र की मौत हो गयी। मासूम की मौत पर परिजनों मे कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के हुलासगढ़ गांव में रज्जन के पुत्र शिवा सरोज 13 की सोमवार की शाम सात बजे करंट लगने से मौत हो गयी। वह गांव के समीप ही एक विद्यालय में कक्षा छह का छात्र था।

गांव में शादी समारोह के बाद शाम को टेण्ट खोला जा रहा था। मृतक छात्र वहीं खड़ा था। लोहे की पाइप के समीप से एलटी लाइन गुजरी थी। शिवा टेण्ट की पाइप पकड़े खड़ा था। अचानक पाइप में करंट आ गया। इससे छात्र की मौत हो गयी। मृतक छात्र का पिता रोजी रोटी के सिलसिले में पूना रहा करता है। मंगलवार को पिता के इंतजार में परिजन शव को घर पर रखे दिखे। छात्र की मौत से परिजनो मे कोहराम मच गया। हालांकि घटना को लेकर अभी तक कोई तहरीर नहीं दी जा सकी है।

# सिलेंडर फटने से घर जलकर राख, मचा कोहराम

## शादी के लिए रखा नगदी व जेवरात गृहस्थी जलकर खाक

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के समसपुर सैलवारा मे रविवार की दोपहर अचानक घर मे खाना बनाते समय गैस सिलेंडर के फट जाने से गृहस्थी के साथ शादी के लिए रखा जेवरात व नगदी जलकर खाक में तब्दील हो गयी। जब तक दमकल आती इससे पहले बड़ी मशक्क्त से ग्रामीणो ने आग पर काबू पा लिया।

बताया जाता है कि समसपुर सैलवारा निवासी जयचंद सोनकर पुत्र बालदीन सोनकर के घर मे 22 अप्रैल 24 को शादी थी पूरा परिवार खुशियों मे डूबा था कि पिछले रविवार की दोपहर अचानक लगभग 2 बजे घर में खाना बनाते समय अचानक बड़े जोर के साथ सिलेंडर तेज आवाज के साथ फट गया जिससे समुचे घर मे आग फैल गई आग की लपटो से समुचा घर जलकर खाक मे तब्दील हो गया। आग की लपेट मे पुरा घर आ जाने से परिजनों मे कोहराम मच गया इस आगजनी मे सोने चांदी व नगदी गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया घर मे आग लगने के दो दिन बाद शादी थी इस आगजनी मे लगभग पांच लाख रुपये का नुकसान लेखपाल की रिपोर्ट के मुताबिक बताया जा रहा है। पीड़ित के घर पहुँचे क्षेत्रीय सांसद ने आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। इस आगजनी में घर के परिजन खुले आसमान के नीचे किसी तरह गुजर बसर कर रहे हैं।



आग से जलकर राख हुआ घर।

# बस की टक्कर से महिला की मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बस की जोरदार टक्कर से महिला की मौके पर ही मौत हो गयी। लीलापुर थाना के कटवढ़ निवासी हनुमान सिंह की पत्नी कमलेश देवी 48 मंगलवार को अपने बेटे रवि सिंह के साथ सुबह बाइक से शहर जा रही थी। कोतवाली देहात के मोहनगंज बाजार पहुंचने पर सुबह नौ बजे अचानक रोडवेज बस ने टक्कर मार दिया। टक्कर लगने पर कमलेश देवी बस के पहिये के नीचे आ गयी। कमलेश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर कोतवाली देहात पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। इधर कमलेश की मौत की सूचना जब घर पहुंची तो परिजनों में कोहराम मच गया।

# पीबीपीजी कालेज में स्नातक कक्षाओं में प्रवेश शुरू

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रतापगढ़ सिटी में सत्र 2024-25 में स्नातक के विभिन्न संकायों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। प्रवेश पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जा रहा है। बी.ए, बी.एस.सी. एवं बी.कॉम. के लिए अलग-लग प्रवेश काउंटर बनाये गए हैं। प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र-छात्रायें समस्त कार्यदिवसों में सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक महाविद्यालय से फॉर्म प्राप्त कर प्रवेश ले सकते हैं। विश्व-विद्यालय द्वारा प्रवेश की अंतिम तिथि 25 मई निर्धारित की गई है। प्राचार्य प्रो.अमित कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रवेश मेरिट के आधार पर हो रहा है। इस बार पुस्तकालय व प्रयोगशालाओं का आधुनिकीकरण भी किया जा रहा है।



पीबीपीजी कालेज में प्रवेश फार्म लेते छात्रगण।

# कार सवार और बाइक सवार में जोरदार टक्कर, पिता पुत्र घायल, रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कंधई थाना क्षेत्र के दारिमाधव गांव ताज पेट्रोल टकी के सामने तेज गति से आ रही कार ने आगे चल रहे बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार पेट्रोल लेने के लिए टंकी की तरफ मुड़ रहा था।

तभी पीछे से आ रही स्वीफ्ट कार ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार संतोष कुमार सरोज उम्र 35 वर्ष पुत्र रामलौट, अथर्व उम्र 7 वर्ष पुत्र संतोष कुमार निवासी पयागपुर औरिस्ता दोनो गाड़ी के साथ सड़क किनारे जाकर गिर पड़े। संतोष कुमार सरोज का पैर फैक्चर हो गया तो वही पुत्र अथर्व के सिर में भी चोट आया है। एक हफ्ते के भीतर कंधई थाना क्षेत्र अंतर्गत दीवानगंज चौकी के आस पास आधा दर्जन से ज्यादा दुर्घटनाएं हुई जिसमे दीवानगंज की एक महिला की मौत भी हो चुकी है। घर पहुँचने की जल्दी और गाड़ी चलाने की लापरवाही से लोग मौत को दावत दे रहे। फिलहाल सावधान रहें सतर्क होकर गाड़ी ड्राइव करे जिससे आप सुरक्षित अपने परिवार के बीच पहुँच सके। दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है।

# चुटहिल दशा में मिला हिरन का बच्चा, वन विभाग ने कराया उपचार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के बरीबोझ वनपुकार जंगल से मंगलवार को दोपहर हिरन का बच्चा गांव पहुंच गया। गांव में उसे कुत्तों ने नोंचकर उसे चुटहिल कर दिया। चुटहिल हिरन गांव के पप्पू तिवारी के घर के सामने दिखा तो ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी। ग्रामीण हिरन के बच्चे को सुरक्षित पकड़कर छांव में ले आये।

सूचना मिलने पर लालगंज वन विभाग की टीम गांव पहुंची। टीम हिरन के बच्चे को अपने वाहन से पशु चिकित्सालय ले आयी। यहां उसका इलाज करवाया। इसके बाद हिरन के बच्चे को वन प्रभाग के कार्यालय ले आयी। वन दरोगा टीएन तिवारी ने बताया कि विभागीय अफसरों को सूचना दी गई है। उपचार के तहत हिरन के बच्चे को विभागीय कार्यालय में देखभाल के लिए रखा गया है। इसके पहले दो वर्ष पूर्व भी रायपुर तियांई में एक हिरन चुटहिल मिला था। वह यहीं वन विभाग में अभी भी सुरक्षित रखा गया है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि रायपुर में मिला हिरन पूरी तरह स्वस्थ है।



घायल अवस्था में हिरन का बच्चा

## अवैध शराब बरामद, केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पुलिस टीम ने औचक दबिश देकर आरोपिता को दस लीटर अवैध शराब के साथ हिरासत में लिया है। सांगीपुर थाना के हरमापुर थरिया गांव में सूचना पर पुलिस टीम ने मंगलवार को औचक दबिश दी। उप निरीक्षक राजेश शुक्ला के साथ दबिश में पुलिस को दस लीटर अवैध देशी शराब बरामद करने में सफलता मिली। पुलिस ने आरोपिता गांव के हरीराम सरोज की पत्नी रानी देवी के खिलाफ आबकारी अधिनियम का केस दर्ज किया है।

# जमीनी रंजिश को लेकर दबंगों ने दो को मारपीट कर किया घायल

## हल्ला गुहार पर ग्रामीणों के आने पर बची पीड़ित की जान

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद को लेकर महिला व बुजुर्ग ससुर को पड़ोसियों ने लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। हल्ला गुहार सुनकर आस-पास के लोगों के आ जाने से किसी तरह पीड़ितों की जान बची।

उक्त लोग जान से मार देने की धमकी देते हुए चले गए।आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के धरौली गांव की रहने वाली सरिता यादव पत्नी शिव मूर्ति यादव ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि सोमवार की देर रात पड़ोसियों ने उसके घर आकर मां-बहन को भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारने पीटने लगे। हल्ला गुहार सुनकर ससुर रामकेवल यादव बचाने के लिए आया तो उसे भी लाठी डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिये। वहीं घर में रखें सामान भी तोड़ डालें, इसके पूर्व भी पड़ोसियों ने मारा पीटा था जिसका मुकदमा गंभीर धाराओं में दर्ज है। पीड़िता ने मामले में आसपुर देवसरा थानाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच पड़ताल कर रही है।

# चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी तथा तोडफोड व छेडछाड का मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने युवती के साथ छेडछाड तथा घर में घुसकर मारपीट को लेकर दो नामजद तथा दो अज्ञात आरोपियो के खिलाफ रविवार की रात केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के बछवल निवासी मो. अनीस की पत्नी समीना ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उन्नीस अप्रैल को शाम साढ़े छः बजे उसकी बेटी घर पर अकेली थी। इस बीच गांव के हिम्मत अली का पुत्र नफीस तथा जगेसर के पुत्र उस्मान दो अन्य अज्ञात आरोपियों के साथ उसके घर घुस आये। आरोपियो ने पीड़िता के घर पर न रहने पर उसकी बेटी के साथ अश्लील हरकत व छेडछाड करना शुरू किया। उसकी बेटी ने जब शोर मचाया और विरोध किया तो आरोपियो ने उसकी पिटाई कर दी। आरोपियो द्वारा पीड़िता के घर में कीमती सामान में तोडफोड कर नष्ट कर दिये गये। घटना के बाद पीड़िता समीना अपने घर पहुंची तो आरोपियों ने शिकायत करने पर जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छेडछाड तथा मारपीट व गालीगलौज एवं तोडफोड समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

## हाई टेंशन बिजली की चपेट में आने से युवक की मौत

**परियावां, प्रतापगढ़।** कोतवाली कुंडा के गोबरा मौजा लरु निवासी पवन कुमार यादव पुत्र जागेश्वर प्रसाद यादव (35) वर्षीय अपने बीच वाले भाई हेमन्त के साथ मगंलवार की सुबह लगभग 5 बजे खेत से ट्रैक्टर ट्राली पर भूसा लाद रहा था कि ऊपर से गुजरे 11 हजार की हाई टेंशन बिजली का नंगा तार नीचे होने के कारण उसकी चपेट में आ गया जिससे गंभीर रूप से झुलस गया जिसे परिजन लोग घायल अवस्था मे उपचार के लिए पवन को सीएचसी कुंडा ले गए, जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर जाना मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना से गांव में मातम छा गया। मृतक के दो बच्चें अंजली मयंक हैं। परिजनों ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है।

# खल के बट्टा से प्रहार कर पत्नी की हत्या

## शराब पीने के लिए पैसा ना देने पर वारदात को दिया अंजाम

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के हरदुआ गांव में अपने मायके आई महिला के पति ने उस पर खल के भट्टे से प्रहार करके मौत के घाट उतार दिया है मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पत्नी की हत्या करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है महिला की मौत के बाद परिवार में दुख का माहौल है।





जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के गौरा भरवारी गांव की सर्मिला पत्नी छेद्दू सिंह 12 अप्रैल को बच्चों सहित अपने पति के साथ अपने भाई दिनेश सिंह पुत्र स्व० मोती लाल सिंह निवासी हरदुआ थाना चरवा के यहां गांव का गनगौर मेला देखने आयी थी। मेला समाप्त होने के बाद सर्मिला के भाई ने सभी को रोक लिया था। सर्मिला अपने भाई के यहां परिवार सहित रूक गयी थी। 22 अप्रैल की शाम करीब 7:30 बजे सर्मिला अपने पति छेद्दू सिंह के साथ हरदुआ खास गांव की बाजार में सब्जी खरीदने गयी थी। सब्जी खरीदने के बाद अपने भाई के यहां वापस आ गयी। शराबी पति सर्मिला से शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगा। पत्नी सर्मिला ने शराब के लिए पैसा देने से इंकार किया तो शराबी पति ने नजदीक रखा खल के लोहे के बट्टे को उठाकर सर्मिला के सिर पर मारा जिससे सर्मिला का सिर फट गया। सर्मिला गम्भीर रूप से घायल हो गई। सर्मिला खून से लथपथ होकर तड़पने लगी घायल सर्मिला को परिजन निजी साधन से इलाज हेतु नवीन स्वास्थ केंद्र चरवा लेकर जा रहे थे। रास्ते में ही सर्मिला ने दम तोड दिया है। मृतका का शराबी पति मौके से फरार हो गया है। मृतका के चार बच्चे हैं बच्चों सहित परिजनों का रो - रोकर बुरा हाल है। मृतका की भाभी लबली पत्नी दिनेश सिंह ने मृतका के पति छेद्दू सिंह पुत्र स्व० सोने लाल सिंह के विरुद्ध नामजद्द लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग किया है। सूचना पाकर चरवा पुलिस ने मौके पर पहुंच कर डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### आखिर कब रुकेगा बाल विवाह फिर होने जा रही है कम उम्र में एक बालिका की शादी

**कौशाम्बी।** शासन के तमाम नियम कानून के बाद कौशांबी में बाल विवाह रुकने का नाम नहीं ले रहा है बाल विवाह करने वाले बालिका के माता-पिता पर मुकदमा दर्ज कराकर उनकी गिरफ्तारी कराए जाने की जरूरत है लेकिन कौशांबी पुलिस बाल विवाह करने वाले माता-पिता को गिरफ्तार नहीं कर रही है जिससे बाल विवाह की घटनाएं जिले में तेजी से बढ़ी है ताजा मामला करारी थाना क्षेत्र का है जहां पिता ने खुद बेटी को नाबालिक बताते हुए रेप का मुकदमा लिखाया लेकिन अब इस नाबालिक बेटी का संबंध उसने मंझनपुर कोतवाली के बबुरा गांव में सतीश नामक युवक के साथ तय कर दिया है तिलक कार्यक्रम आयोजित हो चुका है मामले में करारी थाना में मुकदमा संख्या 50 / 2022 धारा 363 /366 आईपीसी पंजीकृत है विवेचना में धारा 363/ 366 /376/( 3) आईपीसी व 3/4 पाक्सो एक्ट बढ़ोतरी करके अदालत में आरोप पत्र भी दाखिल किया गया है नाबालिग बेटी की तीन दिन बाद पिता शादी करने जा रहा है मामले को लेकर लोगों ने शिकायत भी की है लेकिन नाबालिक की शादी का कार्यक्रम अभी रुक नहीं सका है।

# सड़क हादसे में एक की मौत एक गंभीर रूप से घायल

**कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के गौसपुर गांव के समीप अनियंत्रित होकर बाइक सवार रोड किनारे गड्ढे में गिर गए हादसे में दो लोगों को गंभीर चोट आई है एंबुलेंस के जरिए घायलों को अस्पताल भेजा जा रहा था लेकिन रास्ते में एक व्यक्ति ने दम तोड़ दिया है दूसरे व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गम्भीर बताई जाती है सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिवार के लोग भी पहुंच गए हैं( जानकारी के मुताबिक प्रयागराज जनपद के धूमनगंज थाना अंतर्गत बमरौली निवासी रिंकू सिंह अपने एक साथी पिपरी थाना क्षेत्र के मेडुवा निवासी अनिल कुमार के साथ संदीपन घाट थाना क्षेत्र के गौसपुर की तरफ कहीं निमंत्रण में गए हुए थे। वापस जाते वक्त गौसपुर गांव के समीप



उनकी बाइक अनियंत्रित होकर रोड किनारे गड्ढे में गिर गई। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची संदीपन घाट थाना पुलिस दोनों घायलों को मूरतगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां पर डॉक्टरों ने रिंकू को मृत घोषित कर दिया। जबकि अनिल कुमार को जिला अस्पताल मंझनपुर रेफर कर दिया। पुलिस ने रिंकू के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### अधेड़ को बाइक ने मारी टक्कर, गंभीर हालत में बाइक चालक और अधेड़ जिला अस्पताल रेफर

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना अंतर्गत उस्मानपुर बिगहरा के पास रात लगभग 11 बजे छोटेलाल उम्र 60 वर्ष सड़क पर पैदल ही चलकर अपने घर उस्मानपुर जा रहे थे। सड़क पार करते समय अमन उम्र 20 वर्ष छोटेलाल को देख नहीं पाया और उसकी तेज रफ्तार बाइक छोटेलाल को टक्कर मार दी जिससे दोनों लोग लहूलुहान होकर सड़क पर ही तड़पने लगे। उसी रास्ते से गुजर रहे किसी राहगीर ने 108 एम्बुलेंस को कॉल किया। सूचना पाकर मौके पार पहुंची 108 एम्बुलेंस ने दोनों घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल सीएचसी सराय अकिल ले गयी जहाँ दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल मंझनपुर के लिए रेफर कर दिया।

# मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों को दिया गया सामान्य एवं ईवीएम का प्रशिक्षण

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान कार्मिकों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए एम0वी0 कान्वेट स्कूल एण्ड कालेज,ओसा में आज पॉचवे दिन मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों (पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम) को सामान्य एवं ई0वी0एम0 का प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने मतदान कार्मिकों को एम0वी0 कान्वेट स्कूल एवं कालेज,ओसा में दिये जा रहें प्रशिक्षण का निरीक्षण कर जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदान कार्मिकों को उनके कार्यों/दायित्वों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार कराए गए मतदान प्रतिशत संकलन ऐप के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सभी पीठासीन अधिकारियों को अपने मोबाइल में ऐप डाउनलोड करने एवं मतदान के दिन प्रत्येक 02 घण्टे में मतदान प्रतिशत फीड करने के निर्देश दियें। उन्होंने ईडीसी (इलेक्शन ड्यूटी प्रमाण-पत्र) एवं वोटर फैसिलिटेशन सेन्टर के विषय में भी विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि विधिवत प्रशिक्षण प्राप्त किया जाय तथा अपने कार्यों/दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए निर्वाचन निष्पक्ष,पारदर्शी, शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न करायें, निर्वाचन में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार सिंह नीतीश यादव एवं विकास पाण्डेय द्वारा मतदान कार्मिकों को सामान्य प्रशिक्षण यथा-वास्तविक मतदान तिथि के एक दिन पूर्व (पोलिंग पार्टी रवानगी के दिन) के कार्य/ दायित्व की विस्तृत जानकारी/ प्रशिक्षण दिया गया। इसी प्रकार मतदेय स्थल पर की जाने वाली कार्यवाही,बूथ व्यवस्था, वास्तविक मतदान के दिन की कार्यवाही, मॉक पोल, ईवीएम मशीनों का संयोजन, विशेष परिस्थिति आने पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान समाप्ति के नियत समय पर की जाने



वाली कार्यवाही, मतदान समाप्ति के बाद की जाने वाली कार्यवाही आदि के बारे में विस्तृत जानकारी/प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों को ई0वी0एम0 का प्रशिक्षण यथा-वीवीपैट,बैलेट यूनिट एवं कंट्रोल यूनिट को आपस में संयोजित करना, मॉक पोल,स्पेशल टैग लगाना, ईवीएम मशीन की सीलिंग एवं मतदान से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं के विषय में विधिवत प्रशिक्षण दिया गया। तकनीकी सहायक प्रशिक्षण श्री दिलीप कुमार वर्मा द्वारा मतदान कार्मिकों को मतदान प्रतिशत संकलन ऐप के विषय में प्रशिक्षण दिया गया।इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड, अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह एवं जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानंद यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### अनुपस्थित 17 मतदान कार्मिकों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश

**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए दिनांक 18 अप्रैल 2024 से दिनांक 23 अप्रैल, 2024 तक मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण में मतदान कार्मिक चन्द्रमणि ओझा विपणन निरीक्षक कुम्हियावॉ, श्री अजय भूषण त्रिपाठी आबकारी सिपाही गौरव श्रीवास्तव निबन्धन लिपिक तहसील मंझनपुर अशोक कुमार कैशियर बी0पी0यू0पी0जी0बी0 मंझनपुर, अंकित सिंह क्लर्क एस0बी0आई0 मंझनपुर आशीष कुमार कैशियर, बी0ओ0बी0 पश्चिम शरीरा प्रज्जवल पटेल कनिष्ठ सहायक भू0सं0अ0, रोहित चौहान प्रवक्ता महामाया पॉलिटेक्निक चायल, सुश्री मिनाक्षी त्रिपाठी स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी चायल, इकबाल अहमद प्रधानाध्यापक मदरसा दारूल उलूम एहसानिया मंझनपुर, आशुतोष ओझा सहायक अध्यापक कम्पोजिट वि0-रक्सराई, संतोष कुमार शर्मा सहायक अध्यापक प्र0वि0 तरसौरा, नरेन्द्र कुमार सहायक अध्यापक प्र0वि0 पश्चिम सरावॉ, भूपेन्द्र सिंह सहायक अध्यापक प्र0वि0 दादूपुर, मानसिंह सहायक अध्यापक बिट्ठल भाई पटेल उदिहिन, पुरन्दर वर्मा प्रधानाध्यापक राजकीय हाईस्कूल लौधना तथा उमा शंकर मिश्र प्रधान लिपिक अनुपस्थित रहें। प्रभारी अधिकारी (कार्मिक-प्रशिक्षण)/मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने अनुपस्थित कार्मिकों से सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्षों-जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबन्धक, प्रचार्य महामाया पॉलिटेक्निक चायल, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी एवं जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया है कि अनुपस्थित पाये गये कार्मिकों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951(1951 का 43) की धारा 26 की उपधारा-1 और 3 के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

### दो बाइकों की आमने- सामने भिड़ंत, एक गंभीर घायल

**कौशाम्बी।** संदीपघाट थाना अंतर्गत बालिहावा गांव के नजदीक दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत हो गयी जिसमे एक बाइक सवार को गंभीर चोटे आ गयीं। यह घटना देख आस पास के लोग घटनास्थल पर पहुचे और गंभीर रूप से घायल कुलदीप पुत्र रामबाबू उम्र 20 वर्ष को 108 एम्बुलेंस द्वारा सरकारी अस्पताल मूरतगंज ले जाया गया जहाँ से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल मंझनपुर के लिए रेफर कर दिया। कुलदीप के बाएँ पैर मे फ्रैक्चर हो गया था इसलिए एम्बुलेंस मे मौजूद ईएमटी लक्ष्मण ने तत्काल कुलदीप के पैर मे एयर स्प्लिन्ट लगाया ताकि पैर मे इससे ज्यादा फ्रैक्चर ना हो।

### शादी समारोह मे आयी बालिका को अज्ञात बाइक ने मारी टक्कर

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली अंतर्गत देवखरपुर बेला गाँव मे शादी समारोह मे आयी 15 वर्षीय बालिका रूपा को किसी अज्ञात दोपहिया वाहन ने टक्कर मार दी जिससे रूपा वहीं गिर के छटपटाने लगी। रिश्तेदारों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस को कॉल किया। सूचना पाकर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने घायल रूपा को जिला अस्पताल मंझनपुर मे भर्ती करवाया।

# सराय अकिल में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती



**कौशांबी।** नगर पंचायत सराय अकिल में मंगलवार को हनुमान जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई कस्बे के सभी मंदिरों को सजा धजा कर गल्ला मंडी के हनुमत निकेतन मंदिर में सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ करके भंडारे का आयोजन किया गया सराय अकिल कस्बे में हनुमान जयंती बड़े धूमधाम से मनाया गया कस्बे के सभी मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ हनुमान जयंती मनाई गई कस्बे के सभी मंदिरों को भक्तों के द्वारा भव्य रूप से सजाया गया है हनुमान निकेतन के अध्यक्ष शीतला प्रसाद सोनवाल ने बताया कि हनुमत निकेतन मंदिर में साफ सफाई का विशेष ध्यान देते हुए आज सुबह से पूरे विधि विधान से हनुमान जयंती पर वेद मत्रोंउच्चारण के साथ पूजा अर्चना हवन की गई इसी तरह महावीर नगर में हनुमान जी की मंदिर पर पूरे विधान से पुजारी कल्लू जी महाराज पूजा अर्चना की तथा महाप्रसाद का आयोजन किया गया जिसमें भक्तों ने महा प्रसाद ग्रहण किया मंदिरों में जय बजरंगबली के नारे गुजते रहे जिसमें हनुमत निकेतन मंदिर के अध्यक्ष शीतला प्रसाद सोनवाल नरोत्तम दास अग्रहरि नगर अध्यक्ष अनूप सिंह विकास गुप्ता प्रकाश चंद्र अग्रहरि संदीप केसरवानी श्री नारायण सोनवाल रामदास केसरवानी अजय कुमार अग्रहरी सत्यम अग्रहरि सोम चंद्र अग्रहरि मोनू रस्तोगी जितेंद्र तामकार लाल तामकार दिनेश श्रीवास्तव सीताराम केसरवानी राजू केसरवानी दिलीप स्वर्णकार बच्चू केसरवानी बंगा जायसवाल आदि भक्त मौजूद रहे।

# समय रहते भाजपा ने नहीं बदला प्रत्याशी तो लाखो कट्टर हिंदू सच्चे भाजपाई भी कर देंगे दूसरे प्रत्याशी को वोट

अखंड भारत संदेश

**भाजपा का नहीं भाजपा प्रत्याशी के बड़बोलेपन का जगह-जगह पर हो रहा है जोरदार बिरोध**

**हिंदुत्व की भावना से जुड़ें लाखो मतदाताओं को संभाल नही पा रहे हैं भाजपा प्रत्याशी सांसद विनोद सोनकर**

**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव में कौशांबी सीट पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सांसद विनोद सोनकर को लेकर घमासान मचा हुआ है चुनाव प्रचार के दौरान जगह पर भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर का मतदाता विरोध कर रहे हैं समय रहते यदि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने प्रत्याशी नहीं बदला तो भाजपा के मूल वोटर लाखो कट्टर हिंदू सच्चे भाजपाई प्रत्याशी को सबक सिखाने के लिए दूसरे दल के प्रत्याशी को मतदान कर सकते हैं हिंदुत्व की भावना से जुड़े लाखों मतदाता बीते दो चुनाव से नरेंद्र मोदी के नाम पर भाजपा को मतदान कर रहे हैं लेकिन हिंदुत्व की भावना से जुड़े कट्टर हिंदू सच्चे भाजपाई को भी भाजपा के सांसद लोकसभा प्रत्याशी विनोद सोनकर संभाल नहीं पा रहे हैं वह अपने अहंकार में चूर है और मतदाताओं का दर-दर पर अपमान कर रहे हैं सांसद बनने के बाद इनके गुरुर बढ़ गए हैं 5 वर्ष बीत जाते हैं मतदाताओं से मुलाकात नहीं कर पाते हैं निवास भी कौशांबी लोकसभा में नहीं बना है जिससे गांव क्षेत्र के पीड़ित मतदाता इनसे अपनी व्यथा नहीं बता पाते हैं और कोई व्यथा बनाते भी जाता है तो भीड़ के चलते केवल औपचारिकता होती है माफिया अपराधियों की फौज से घिरे कौशांबी सांसद विनोद सोनकर केवल मंच माइक और अफसर मंत्री के कार्यक्रम में बड़ी-बड़ी बात करते हैं माफिया अपराधियों की फौज आगे पीछे घूमने लगी है भाजपा के मूल मतदाता को यह जागीर समझते हैं जिससे मतदाता बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं और लोकसभा चुनाव में अब सांसद विनोद सोनकर का मतदाता खुलेआम विरोध कर सड़क पर उतर आए हैं कई बार उनके विरोध में कट्टर हिंदू लोगों ने वीडियो वायरल किया अब विनोद सोनकर के कार्यक्रम में मंच पर खुलकर विरोध किया जाने लगा दारानगर में व्यापारी सम्मेलन में जिस तरह से सांसद विनोद सोनकर का मतदाताओं ने विरोध किया है वह शुभ संकेत नहीं है भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को अभी फिर से मंथन किए जाने की जरूरत है यदि भाजपा ने प्रत्याशी नहीं बदला तो हिंदुत्व की भावना से जुड़े लाखो लोग भी भाजपा प्रत्याशी के विरोध में मतदान करने को विवश होंगे।

## न्यूज झरोखा

### आयु वर्ग 17 यूपी इंटरनेशनल रेटिंग चेस 23/4/24 से 24/4/24 तक होगा आयोजन



**कौशांबी।** यूपी इंटरनेशनल रेटिंग चेस चैंपियनशिप 2024 का आयोजन दिनांक 23/04/24 को राम जी होटल में हुआ। इसका आयोजन 24/4/24 तक होना है होना है। जिसके चौथे चक्र की प्रयागराज के अरनव अग्रवाल ने गाजियाबाद के स्वामी चट्टोपाध्याय को दूसरे बोर्ड पर प्रयागराज के हसनैन सिद्दीकी ने सहारनपुर के श्रेया राज तीसरी बोर्डपर तीसरी बोर्ड पर वाराणसी के मार्च इकबाल और कानपुर के प्रथम शुक्ला के प्रयागराज के प्रबल पांडे और अनुभव कुशवाहा के बीच मैच ड्रॉ रहा छठी बोर्ड पर गाजियाबाद के अरिहंत बरोलिया ने वाराणसी के श्रेयास मिश्रा को सातवें बोर्ड पर वाराणसी के प्रखर त्रिपाठी ने अपूर्व यादव को आठवीं बोर्ड पर आगरा के श्रेया सिंह ने मथुरा के पर्व चौधरी को नवमी बोर्ड पर वाराणसी के केशव सिंघल ने कौशांबी के श्री हरि को हराया बालिका वर्ग में पहले बोर्ड कानपुर की तान्या वर्मा ने वाराणसी की विधि एंजलिना के साथ मैच ड्रॉ रहा दूसरे बोर्ड पर कानपुर की सुमुखी शुक्ला ने वाराणसी को की नियति विक्रम सिंह को तीसरी बोर्ड पर प्रयागराज की अर्चिता अग्रवाल ने प्रयागराज की व्यसनियों वैष्णवी यादव को चौथे बोर्ड पर प्रयागराज की प्रिया यादव ने वाराणसी की समृद्धि तिवारी को पांचवें बोर्ड पर प्रयागराज की संस्कृति यादव ने कानपुर की भाविका वर्मा को छठवें बोर्ड पर उन्नाव की निशा भूषण ने कानपुर की रिद्धिमा मिश्रा को हराया सचिन राघवेंद्र शुक्ला ने बताया कि आज प्रतियोगिता का दूसरा दिन रहा जिसमें बालिका वर्ग के चार चक्र की प्रतियोगिता हुई और बालक व की पांचवें चक्र की प्रतियोगिता चल रही है।

### मेंहदी प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को 20 मई को मतदान करने के लिए छात्राओं ने किया जागरूक



**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय के निदेर्शानुसार एवं प्रभारी अधिकारी स्वीप/मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी के निर्देशन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024, स्वीप के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर जनपद के मतदाताओं को 20 मई 2024 को अवश्य मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा हैं। इसी श्रृंखला में आज प्राथमिक विद्यालय पैगम्बरपुर एवं नया तालाब की छात्राओं ने मेंहदी प्रतियोगिता के माध्यम से जनपद के मतदाताओं को 20 मई को अवश्य मतदान करने के लिए जागरूक किया।

### टॉपर छात्रों के घर जिला पंचायत द्वारा लगाया जाएगा हाई मास्ट लाइट



**कौशांबी** जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर की तरफ से धर्मा देवी इंटर कॉलेज में टॉपर छात्रों के घर में हाई मास्ट लाइट लगाया जाएगा धर्मा देवी इंटर कॉलेज केन में यूपी बोर्ड के रिजल्ट आने पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर ने बच्चों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाए दी।अध्यक्ष प्रतिनिधि ने बताया कि इस संस्थान के जितने भी टॉपर बच्चे हैं उन सभी के घर के सामने हाई मास्ट प्रकाश की व्यवस्था हेतु जल्द ही बच्चों के घर के सामने लग जाएगा। इससे दूसरे बच्चों में पढ़ाई के प्रति प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और वह भी पढ़कर आगे बढ़ेंगे।

### ओवरस्पीड का शिकार हुआ बाइक सवार

**कौशाम्बी।** कड़ा थाना अंतर्गत लेहदरी गांव के पास रात्रि लगभग 12 बजे एक बाइक सवार ओवरस्पीड का शिकार हो गया। युवक मो0 इरशाद मानिकपुर प्रतापगढ़ से कौशाम्बी दावत में आया था। दावत खाकर वापस जा रहा था कि रात्रि लगभग 12 बजे लेहदरी गॉव के पास मोड़ पर उसकी बाइक की रफ्तार की वजह से गाड़ी मुड़ नहीं पायी और अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी। राहगीरों ने आनन फानन में घायल युवक को नजदीकी अस्पताल सीएचसी कड़ा में भर्ती करवाया जहाँ से प्राथमिक उपचार उपचार के बाद 108 एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल मंझनपुर में भर्ती करवाया गया। अस्पताल पहुंचने से पहले घायल युवक को ऑक्सीजन की जरूरत पड़ने पर एम्बुलेंस में मौजूद ईएमटी योगेंद्र कुमार द्वारा घायल युवक को चलती एम्बुलेंस में ऑक्सीजन भी दिया गया। युवक की स्थिति गंभीर बताई जाती है।

### बालू लदा ट्रैक्टर पलटा, चालक गंभीर

**कौशाम्बी।** करारी थाना अंतर्गत म्योहर के पास एक बालू लदा ट्रैक्टर पलट गया जिससे ट्रैक्टर चालक को गंभीर चोटे आ गयीं। आनन फानन मे राहगीरों और पुलिस की मदद से 108 एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल मे भर्ती करवाया गया है जहाँ स्थिति गंभीर बनी हुयी है। मिली जानकारी के अनुसार अखिलेश सरोज पुत्र मथुरा सरोज रोज की तरह ट्रैक्टर पर बालू लादकर करारी तरफ जा रहा था। भोर लगभग 4 बजे म्योहर के पास पंहुचा ही था कि अचानक झपकी आ गयी और ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे अखिलेश को गंभीर चोटे आ गयीं। अखिलेश प्रयागराज जिले के हरबसपुर टेकी का रहने वाला है। घर वालों को इसकी सूचना दे दी गयी है।

# देवस्थान पर निशान चढ़ाने जा रहे हैं लोगों को लाठियां से पीटा

**महगाव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मोहद्दीनपुर गौस के विधारी पुत्र स्व. सरजूदीन मंगलवार की दोपहर अपने घर से घाघा वीर बाबा निशान लेकर जा रहे थे जैसे ही उमरछा गांव पहुंचे रास्ते में निशान रोककर उमरछा गांव के बड़ेलाल , छोटेलाल, राजू, पुत्रगण स्व. भिखारी लाल दो अन्य लोग विधारी व उसके साथ अन्य लोगो को रोक कर गाली गलौज करने लगे विरोध करने पर उक्त तीनों लोगों ने विधारी की बेटी को पकड़ कर छेड़खानी करने लगे और कपड़े फाड़ दिया बीच बचाव करने आये, विकास, आकाश पुत्रगण मन्नी लाल व छोटू पुत्र स्व. राम विशाल को विपक्षीगण घसीट घसीट कर लाठी डंडा व धारदार हथियार से बुरी तरह मारे पीटे जिसमे छोटू को सर पर गम्भीर चोट आई है। जिसका इलाज चल रहा है। उक्त विपक्षियों ने मारपीट कर जान से मार डालने की धमकी देते हुए चले गए। मामले के सूचना पाकर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### छेडखानी का विरोध करने पर महिला से मारपीट

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत घुरी गांव की एक गर्भवती दलित महिला अपने मायके घूमने गई हुई थी जहां उसके साथ घुरी गांव का ही रहने वाला दबंग लासियावन यादव पुत्र राम भवन ने छेड़खानी कर छीना झपटी किया तो महिला विरोध करने लगी तो जाति सूचक शब्दो का प्रयोग करते हुए गाली गलौज देते हुए कहने लगा चिल्ला मत और महिला का मंगलसूत्र छीन लिया, महिला ने शोर मचाया तो लासियावन यादव ने उस महिला के पेट पर लात मार दिया जिससे वह जमीन पर गिर पड़ीं और गर्भ के कारण दर्द से चिल्लाने लगी तभी उक्त दबंग ने महिला के पीठ पर पत्थर से मार दिया जिससे महिला बेहोश हो गई। घटना के बाद पीड़ित महिला के भाई ने 112 डायल पुलिस को फोन किया और 108 एम्बुलेंस से पीड़ित महिला के भाई ने पीड़ित को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जिसका इलाज चल रहा है किन्तु महिला को अभी तक न्याय नहीं मिला है परिजन थाना चौकी का चक्कर कट रहे हैं और न्याय पाने की आस में पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के पास पहुंचे पीड़ित महिला के भाई मनीष कुमार पुत्र शंकर लाल ने एसपी को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है।

### उद्यान विभाग द्वारा बाउन्ड्री वाल के जरिए अवरूद्ध किया जा रहा है मुख्य मार्ग

**कौशाम्बी।** चायल तहसील के ग्राम सभा बलीपुर टाटा में स्थित उद्यान विभाग कि नर्सरी में चाहर दीवारी का निर्माण कराया जा रहा है लेकिन चाहर दीवारी का निर्माण डामर सड़क से लगाकर किया जा रहा है जिससे मार्ग अवरुद्ध हो रहा है सड़क की पटरी भी उद्यान विभाग अपने बगीचे के अंदर कर रहा है जिससे गांव के लोगों में आक्रोश व्याप्त है मामले को लेकर लोगों ने जिला अधिकारी से शिकायत की है। लोगों ने बताया कि विभाग की यह नर्सरी पहले बहुत अच्छी हुआ करती थी। स्टाफ भी काफी हुआ करता था काफी वर्षो से भगवान भरोसे नर्सरी चल रही है। उसी नर्सरी के बीचो बीच नर्सरी स्थापित होने से पहले गाँव के अन्दर जाने का मुख्य मार्ग था। और यह मार्ग चायल तहसील जाता है बलीपुर टाटा में नर्सरी के नाम से चौराहा जाना जाता है नर्सरी विभाग ने अब उसके चारो तरफ बाउन्ड्री वाल कराने का ठेका दे रखा है लेकिन जो नर्सरी चौराहा से गांव जाने का मुख्य मार्ग है उसकी चौडाई मात्र 16,17 फिट नाली के साथ जोड रहा है। जो गलत है बलीपुर टाटा गॉव की आबादी 10 हजार के है गॉव मे छोटी बडी गाड़ियो का आना-जाना लगातार बना रहता है। रोड अभी फिलहाल बहुत खराब हो चुकी है। जिसे आर सी सी रोड एवं दोनो तरफ नाली के साथ 25 फिट लगभग कराने हेतु सांसद वा उपमुख्य मंत्री एवं सम्बन्धित विभाग से प्रयास किया जा रहा है लोगों का कहना है की मुख्य मार्ग को छोड़कर के विभाग बाउंड्री वाल का निर्माण कराए जिससे कभी किसी को परेशानी का सामना न करना पडे।

# नायब तहसीलदार के विरोध में अधिवक्ताओं ने भरी हुंकार

**नायब तहसीलदार के विरुद्ध कार्यवाही तक अधिवक्ताओ ने न्यायिक कार्य से विरत रहने का लिया है फैसला**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर के नायब तहसीलदार के विरोध में जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और महामंत्री की अगुवाई में जनपद के अधिवक्ताओं ने जोरदार धरना प्रदर्शन नारेबाजी करते हुए जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर अपर जिला अधिकारी को ज्ञापन सौपा है बिरोध कर रहे अधिवक्ताओं ने नायब तहसीलदार करारी मोबीन अहमद पर गंभीर आरोप लगाए हैं मंझनपुर तहसील में अपना क्षेत्र छोड़कर दूसरे क्षेत्र में नायब तहसीलदार जबरिया जमीनों पर कब्जा करवा रहे हैं गलत कार्यों का विरोध करने पर अभद्रता करते हैं ताजा मामला एक अधिवक्ता से भी उन्होंने अभद्रता कर दिया है चायल तहसील में तैनाती के दौरान नायब तहसीलदार मोबीन अहमद पर बहुत से जमीनों में पैसा लेकर कब्जा करवाने का भी आरोप लगा था जिस पर वहां से इन्हें हटा दिया गया था अधिवक्ता पूरी तरह से आक्रोशित हैं जब तक नायब तहसीलदार के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की गई तब तक के लिए अधिवक्ताओ ने न्यायिक कार्य विरत रहने का फैसला लिया है। मंझनपुर तहसील के कोसम इनाम की जमीन में जिनका नाम खतौनी में है लेकिन गांव का दूसरा पक्ष जबरिया उनके घर पर कब्जा कर लिया था जिसकी शिकायत मंझनपुर एसडीएम के यहां हुई थी तो एसडीएम ने नायब तहसील दार मंझनपुर को जांच के लिए भेजा था उन नायब तहसीलदार के साथ नायब तहसीलदार करारी मोबीन अहमद भी गए हुए थे जबकि एसडीएम ने मोबीन को नहीं भेजा लेकिन यह अपने तानाशाही में गए और भूमिधर स्वामी का ताला तोड़वा रहे थे भूमिधर स्वामी के अधिवक्ता अंकित त्रिपाठी रिश्तेदार हैं मामले की जानकारी अधिवक्ता अंकित त्रिपाठी को हुई तो उन्होंने थाना प्रभारी कौशाम्बी को फोन किया तो उन्होंने कहा हम कुछ नहीं कर सकते तो अधिवक्ता अंकित त्रिपाठी थाना कौशाम्बी पहुंच गए वहीं पर नायब



तहसीलदार करारी मोबीन अहमद पहले से मौजूद थे अधिवक्ता ने जब कानूनी तौर पर जानकारी चाही तो मोबीन अहमद आवेश में आकर अभद्रता करने लगे और थाना प्रभारी कौशाम्बी को आदेश देने लगे कि इस अधिवक्ता को सलाखों में डाल दीजिए। बताया जाता है कि यह वही मोबीन अहमद हैं जिनके अरदली अनुज कुमार का अभी दो सप्ताह पहले घूस मांगते हुए ऑडियो वायरल हुआ था जिसको अधिवक्ता संज्ञान में लेकर एसडीएम से मिलकर शिकायत किए थे जिस पर एसडीएम ने कार्यक्षेत्र में परिवर्तन कर दिए थे इन्हें नायब तहसीलदार मंझनपुर का कार्यभार दे दिया था लेकिन इन्होंने एसडीएम के आदेश को ठेंगे में रखकर वही नायब तहसीलदार करारी के पद ही लगातार कार्य कर रहे थे अधिवक्ताओं का आरोप है कि यह अपने आपको एसडीएम से बड़ा और तानाशाह समझते हैं वकीलों से अक्सर अभद्रता करते रहते हैं।

# हनुमान जयंती पर राजापुर में रही धूम

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** तुलसी जन्मस्थली राजापुर में चैत्र शुक्ल पूर्णिमा को श्री हनुमान जयंती मनाने की परंपरा पर श्री संकटमोचन का जन्म नरक चतुर्दशी को विजय अभिनंदन उत्सव के बतौर मनाया। दोनों महीनों में संकट मोचन हनुमान जी के मंदिरों में रामचरितमानस अखण्ड पाठ, हनुमान चालीसा, हनुमानाष्टक, हनुमान बाहु आदि संकट हरण ग्रंथों का बड़े श्रद्धा भाव से हनुमान जी की प्रतिमाओं की पूजा-अर्चना, आरती कर पाठ शुरु किये गये।

मंगलवार को राजापुर कस्बे में संत तुलसी सेवा आश्रम के संचालक आचार्य पं रामनरेश द्विवेदी ने बताया कि नरक चतुर्दशी को संकटमोचन बजरंगबली का जन्मोत्सव धूमधाम से कई वर्षों से मना रहे हैं। चैत्र शुक्ल पूर्णिमा आज के दिन जो भक्त संकटमोचन केसरी नन्दन की पूजा-अर्चना श्रद्धा भाव से करते हैं, उनकी मनोकामना पूरी होती है। उन्होंने बताया कि गौतम ऋषि की पुत्री अंजना श्रापवश पर्वत की गुफा में रहकर मारुति नामक बालक को जन्म दिया था। बाल्यकाल में ही मारुति चंचल व बलशाली थे। उन्होंने बचपन में ही भास्कर भगवान को खाकर पूरी सृष्टि में अंधकार पैदा किया था। सम्पूर्ण देवताओं ने मारूति नन्दन की आराधना कर सूर्य भगवान को मुक्त कराकर शक्तियां प्रदान की थी। एक ऋषि ने बल का ज्ञान भूल जाने का श्राप दिया था। समुद्र लंघन के समय जामवंत ने बल पौरुष एवं शक्तियों का ज्ञान कराया था। संकटमोचन बनकर स्वामी परमात्मा राम के बिना विलम्ब कार्य पूरे किये। सिद्ध प्रतिमा हनुमान जी के पुजारी सूर्यप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि साल की पहली हनुमान जयंती चैत्र माह की पूर्णिमा तिथि को मनाई जाती है। दूसरी कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाई जाती है। हनुमान जयंती मनाने के बारे में बात की जाए तो एक तिथि को विजय अभिनंदन के रूप में मनाया जाता है। दूसरी तिथि को जन्मोत्सव के बतौर मनाया जाता है।

आज के दिन हनुमान मंदिरों में अखण्ड रामचरितमानस का पाठ, हनुमान चालीसा, हनुमान बाण, हनुमानाष्टक तथा सुन्दरकाण्ड का आयोजन होता है। इसी क्रम में सिद्ध बालाजी मंदिर खोहरा बाबा में भक्त जय नारायण द्विवेदी व कौशांबी के शंकर दयाल शुक्ला ने हनुमान जयंती पर पूजा-अर्चना समेत रामनाम संकीर्तन कराया। इस मौके पर जयनारायण तिवारी, बालकरण द्विवेदी, विनय हिंद पाण्डेय, रज्जन त्रिपाठी, हुबलाल तिवारी, काशीनाथ तिवारी, अशोक कुमार मौर्य, पूजा देवी, किरण देवी, मनीषा देवी, मनु द्विवेदी आदि ने हनुमान जयंती पर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



हनुमान जयंती मनाते श्रद्धालु।

# बृजेश-खालिद से पुलिस कर रही दोयम दर्जे का बर्ताव

## जालसाज चारू गुप्ता की तहरीर पर मामला दर्ज, बृजेश की तहरीर पर नहीं

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आखिर सरधुवा थाना पुलिस बृजेश द्विवेदी की आठ अप्रैल को दी तहरीर पर रिपोर्ट क्यों नहीं दर्ज कर रही, जबकि बीस अप्रैल को दिल्ली की चारू गुप्ता की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है। क्या बृजेश द्विवेदी भारत के नागरिक नही हैं। ये दोयम दर्जे का बर्ताव क्यों किया जा रहा है। ज्ञात है कि जय माता दी पैकेजिंग रेत खदान जिले के सरधुवा थाना क्षेत्र के धौरहरा में है। इस कम्पनी में राघवेन्द्र दुबे, मो खालिद, चारू गुप्ता व अमन श्रीवास्तव पार्टनर हैं। चारू अपनी मर्जी से प्रोजेक्ट में एक ही तारीख को शामिल हुए हैं। कानूनी दस्तावेज भी हैं। पार्टनर चारू गुप्ता ने 25 जनवरी को खदान में जाकर वहां मौजूद लोगों से बद्सलूकी कर गाली-गलौज करते हुए अवैध असलहे लहराये व पैसे लूट ले गई। उनके साथ महिला मित्र भी थीं, फर्जी मामले में फंसाने की धमकी भी दी थी। उनके खदान से जाने के बाद आठ अप्रैल को डीएम-एसपी को तहरीर दी कि चार करोड की ठगी की गई है।

बृजेश द्विवेदी की पत्नी के नाम कुसेली में बालू डम्प है। उन पर आरोप लगाया कि बदसलूकी की है, जबकि बृजेश द्विवेदी ने सरधुवा थाने में चारू गुप्ता के खिलाफ पहले ही तहरीर दे रखी थी। मो खालिद ने भी एसपी को दी तहरीर में कहा कि चारू गुप्ता उन्हें झूंठा फंसा रही हैं। घटना के 12 दिन बाद बीस अप्रैल को चारू गुप्ता ने सरधुवा थाने में खालिद व बृजेश द्विवेदी पर रिपोर्ट लिखाई कि 25 फरवरी को खदान में उनसे मारपीट कर एक लाख रुपये लूटे व छेडखानी की। जबकि आठ अप्रैल को एसपी आफिस में तहरीर दी कि 25 फरवरी की तहरीर में कोई लूटपाट व छेडखानी की बात नहीं दर्शायी। दोनों तहरीरों को पढने से जाहिर है कि चारू गुप्ता पुलिस-प्रशासन का दुरुपयोग कर पार्टनर से अनुचित लाभ लेना चाहती हैं। ज्ञात है कि चारू गुप्ता पर दिल्ली एनसीआर में कई फर्जीवाडे के मामले पहले से चल रहे हैं। मीडिया व थाने में दी तहरीर में खासा अन्तर है। मो खालिद व बृजेश द्विवेदी ने कहा कि उनकी तहरीर पर पुलिस मामला दर्ज नहीं कर रही। घटना की पुलिस छानबीन कर रही है।

# किसान सोलर पम्प को करें आवेदनः राजकुमार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप निदेशक कृषि राजकुमार ने किसान भाइयों से कहा है कि अपर कृषि निदेशक तिलहन, दलहन, नोडल अधिकारी पीएम कुसुम उप्र ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में कुछ किसानों के सोलर पम्प को आवेदन किया है। मोबाइल नंबर 7290912735, 7037767569, 9719775461, 9170935887, 6397850849 व अन्य मोबाइल नंबर से फोन किये जा रहे हैं। कृषि विभाग संदेश भेज रहा है। अधिकतम अनुदान की सुविधा दी जा रही है। किसान अंश कम लिया जा रहा है। किसान अंश की धनराशि इंडियन बैंक खाता संख्या 7748563270, एसबीआई बैंक खाता संख्या 42762571204, एनएसडीएल बैंक खाता संख्या 501023740735, 501024431987 व अन्य बैंकों के खातों में जमा करने के संदेश भेजे जा रहे हैं। इस बाबत किसानों से कहा कि सोलर पम्प को किसानों का चयन एवं टोकन कंफर्म करने की ऑनलाइन व्यवस्था है, जो पारदर्शी है। टोकन कंफर्म करने के बाद कृषि विभाग पोर्टल पर पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर मैसेज कृषि विभाग की ओर से जाता है। किसानों के चालान जनरेट के बाद ऑनलाइन/ऑफलाइन धनराशि जमा की जाती है। सभी किसान भाइयों से कहा कि किसी भी प्रकार के फोन के बहकावे में न आयें। किसी भी समस्या के निराकरण को किसी भी कार्य दिवस में उपनिदेशक कृषि कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।



उपनिदेशक कृषि राजकुमार।

# सिपाही ने पत्नी के आत्महत्या से क्षुब्ध होकर गोली मार की आत्महत्या

## सरकारी राइफल से खुद को मारी गोली, चुनाव ड्यूटी बिजनौर से आया था घर



घटना की पडताल करते पुलिस अधीक्षक।



मृतक दम्पति फाइल फोटो।



गोद में बच्चे को लिए बाबा।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र के देवकली गांव में चुनाव ड्यूटी से घर लौटे सिपाही का सोमवार की देर रात पत्नी से किसी बात को लेकर मनमुटाव हो गया। देर रात पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

सिपाही ने भी घर से बाहर आकर प्रधान के दरवाजे के सामने खुद को सर्विस राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह पुलिस बल के साथ रात में ही देवकली पहुंच गये। उन्होंने शवों का पंचनामा करवाकर पोस्टमार्टम को मर्चरी भिजवाया। मामले की पडताल जारी है।

दम्पति की आत्महत्या की ये घटना 22-23 की रात 11 बजे के बाद रैपुरा थाना क्षेत्र के देवकली गांव में हुई। बताया गया कि झांसी जीआरपी में तैनात सिपाही मयंक सिंह (32) का पत्नी कुसुम से किसी बात को लेकर रात में मनमुटाव हो गया। पत्नी कुसुम ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह रात में छत में सो रहा था। पानी पीने को नीचे आया तो देखा कि पत्नी फांसी के फंदे पर लटकी है। उसने पिता को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने शव को फंदे से उतारकर देखा कि वह मर चुकी है। सिपाही पति मयंक प्रथम चरण के चुनाव से बिजनौर से सीधे घर आया था। वह पिता से ये कहकर घर से निकला कि उसे ड्यूटी पर जाना है। कुछ दूर आने पर प्रधान के घर के सामने उसने भी सर्विस राइफल से दाढी के नीचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। दम्पति के आत्महत्या से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस को सूचना मिलने पर एसपी समेत पुलिस बल मौके पर पहुंचे। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि सिपाही चुनाव ड्यूटी से 21 अप्रैल को घर आया था। 22 अप्रैल को घर में सब लोगों के साथ रहा। रात में किसी बात को लेकर ये घटना हुई। घटना की बारीकी से पडताल हो रही है। शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा गया है। परिजनों में कोहराम मचा है। मृतक दम्पति के एक पुत्र तीन साल का है। ग्रामीणों ने बताया कि दम्पति में पहले भी विवाद हुआ था। ग्रामीणों के दखल से समझौता हो गया था। फिर अचानक क्या हुआ कि दोनों ने आत्महत्या कर ली।



परिजनों से मिलते सांसद।

# सांसद ने मृतक दम्पति के परिजनों को दी सांत्वना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सांसद/भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल ने पोस्टमार्टम हाउस जाकर मृतकों के परिजनों को सांत्वना दी। कहा कि घटना के कारणों की पुलिस बारीकी से जांच कर रही है। अनहोनी को कौन रोक सकता है। उन्होंने मृतात्माओं की शान्ति को ईश्वर से प्रार्थना की। उनके साथ इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर व परिजन मौजूद रहे।

# मन्दिर से महिला गायब

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के शंकरगंज मोहल्ले की रागिनी साहू (22) पति हरिराम साहू सोमवार को लालापुर असावर माता देवी मन्दिर गयी थी। वह तब से लालापुर से गायब है। परिजनों ने नाते-रिश्तेदारों के यहां खोजबीन की है। कोई पता न चलने पर कोतवाली कर्वी में गुमशुदगी की सूचना दी है।



गायब महिला की फाइल फोटो।

# तमंचा-कारतूस समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में दरोगा राजीव कुमार सिंह ने सिपाही नीतू द्विवेदी के साथ करन पुत्र दारा सिंह गल्लामंडी अलोपीबाग दारागंज जिला प्रयागराज को एक तमंचा 12 बोर व दो कारतूस समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ कोतवाली में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# तीन के कब्जे से 65 क्वार्टर-15 लीटर महुआ शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने तीन लोगों के कब्जे से 65 क्वाटर देशी व 15 लीटर महुआ शराब बरामद की।मंगलवार को चैकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यपति त्रिपाठी ने मुकेश पुत्र स्व अशोक गोसाई नई बस्ती शिवरामपुर के कब्जे से 45 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। रैपुरा थाने के दरोगा शिवसागर दुबे ने संतोष पुत्र स्व मुन्नीलाल भखरवार के कब्जे से 20 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। कोतवाली कर्वी के दरोगा अनिल कुमार गुप्ता ने सिपाही सुरेन्द्र के साथ सत्यनारायण रैकवार पुत्र रामकुमार रैकवार गोल तालाब कुंजनपुरवा के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। तीनों के खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

# शोहदों-मनचलो पर पुलिस करती है कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के जारी मिशन शक्ति अभियान-4 के तहत जिले के सभी थानों की एंटी रोमियों टीमों/शक्ति दीदी ने विभिन्न सार्वजनिक स्थल व गांवों का भ्रमण कर महिला व बालिकाओं को महिला सुरक्षा बाबत जागरुक किया।

मंगलवार को मिशन शक्ति अभियान-4 व शक्ति दीदी अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर जिले की नोडल अधिकारी मिशन शक्ति सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में सभी थाना क्षेत्रों में एंटी रोमियों टीमों ने विभिन्न सार्वजनिक स्थल व गांवों में भ्रमण किया। महिलाओं/बालिकाओं का चैराहे, बाजारों में असामाजिक तत्वों से मुक्त कराने व राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन, अभद्र टिप्पणियों की घटनायें रोकने को जागरुक किया। महिला/बालिकाओं को सुरक्षा बाबत फोन नम्बर बताये। मौजूद महिलाओं/बालिकाओं से कहा कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा-सहायता को महिला हेल्पडेस्क है। महिला पुलिसकर्मी महिलाओं की शिकायत सुनकर निस्तारण करती हैं। मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा बाबत हेल्पलाइन नम्बरों के पंपलेट बांटे। आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर क्षेत्र में कार्य व शिक्षा ग्रहण करने को प्रेरित किया। सोशल मीडिया पर प्राइवेसी रखते हुये प्रयोग करने की राय दी। बताया कि सादे वस्त्रों में प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास महिलाओं- बालिकाओं का आवागमन होता है, वहां शोहदों-मनचलो पर कार्यवाही को सादे वस्त्र में पुलिस तैनात रहती है।



महिला को जागरूक करती एंटी रोमियो टीम।

# एक वाछिंत-एक वारंटी दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने एक वांछित व एक वारंटी दबोचा है। मंगलवार को रैपुरा थाने के दरोगा शिवरामगर दुबे ने महिला सिपाही शहनाज व सिपाही चन्द्रभूषण राय के साथ हादसा के वारंटी मोहनलाल पुत्र दुर्गा प्रसाद रामनगर को गिरफ्तार किया। मऊ थाने के निरीक्षक क्राइम अभयराज सिंह ने सिपाही सौरभ राजपूत के साथ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट के वांछित रज्जू उर्फ शिव कैलाश पुत्र राम कैलाश टिकरा को गिरफ्तार किया।

# ईओ ने चलाया जागरूकता अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ नगर पंचायत में मंगलवार को लोगों को गीले व सूखे कचरे का अलग-अलग रखने के प्रति जागरूक किया। घर व बाहर स्वच्छता को प्रेरित किया। मऊ नगर पंचायत के ईओ बीके गौतम की अगुवाई में मंगलवार को अम्बेडकर नगर वार्ड एक में आम जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। गीले व सूखे कचरे को डोर-टू-डोर अलग-अलग करने के प्रति अभियान चलाया। लोगों को जानकारी दी कि मेरा कचरा, मेरी जिम्मेदारी थीम पर काम कर जनसहभागीदारी की जाये तो स्वच्छता कायम रहेगी। इस मौके पर सफाई नायक राहुल, लिपिक शिव प्रसाद प्रजापति व वीरेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# पशु चिकित्सालय में बिना पैसे नहीं होता इलाज

## पीडित ने डीएम से की कार्यवाही की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के गुरुदीन शुक्ला पुत्र हरि प्रसाद निवासी गोल तालाब मजरा कसहाई ट्रॉस्पोर्ट नगर ने कहा कि गायों की सेवा कर परिवार का भरण-पोषण करता है। उसकी गाय अचानक 16 अप्रैल को बीमार हो गयी। राजकीय पशु चिकित्सालय लेकर गया। वहां मौजूद डा अजय पटेल ने कहा कि उसकी ड्यूटी नहीं है। वह घर जाकर गाय का इलाज नहीं करेगा।

पीडित ने मंगलवार को बताया कि डॉ पटेल ने उसे एक अन्य डॉक्टर का फोन नम्बर दिया। कहा कि ये घर जाकर इलाज करेगा। पीडित ने उसे फोनकर घर ले गया। इलाज बाद दवाये लिखकर दुकान से मंगवाई। फीस मांगी तो पीडित ने कहा कि सरकारी डॉक्टर हैं, तो बोले कि प्राइवेट हूं। अजय पटेल उसे भेजते हैं। प्राइवेट डाक्टर की फीस व दवा के रूपये ज्यादा होने पर वह राजकीय पशु चिकित्सालय के चक्कर काटता रहा। डा मनोज से भी मिला। उन्होंने विभिन्न प्रकार के बहाने बनाकर टालते रहे। वह जोर-जोर से गाय को याद कर रोने लगा। पीडित की बात किसी ने नहीं सुनी। उसने 1962 में फोन किया, वहां से कोई जवाब नहीं मिला। डॉ मनोज ने एक पाउडर दिया। 18 अप्रैल तक वह गाय को पाउडर पिलाता रहा, अंत में बीस अप्रैल को गाय मर गई। पीडित ने गाय के पोस्टमार्टम की मांग की, ताकि डाक्टरों की लापरवाही का खुलासा हो सके। पीडित ने जिलाधिकारी से पशु अस्पताल के डॉक्टरों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# गैरहाजिर शिक्षक का बीईओ ने काटा वेतन

**मानिकपुर।** खंड शिक्षाधिकारी मानिकपुर ने लापरवाह शिक्षक हुकुमचंद गुप्ता के गैरहाजिरी पर वेतन काटने की कार्रवाई की है। आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय निहीं में सहायक अध्यापक बतौर तैनात हैं। मंगलवार को मानिकपुर बीईओ ने शिक्षक के लगातार गैरहाजिरी के चलते वेतन काटने की कार्यवाही की है। ग्रामीण व प्रधानाध्यापिका सुशीला देवी उसकी कई बार शिकायत कर चुकी हैं। खंड शिक्षाधिकारी मिथिलेश कुमार ने ऑनलाइन पोर्टल से एक दिन का वेतन काटने की कार्रवाई की है। अन्य शिक्षक भी लगातार लापरवाही बरत रहे हैं। अन्य शिक्षकों पर भी कार्यवाही हो सकती है। शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विनय कुमार शुक्ला ने सभी शिक्षकों से समय से विद्यालय आने-जाने व शिक्षण कार्य में लापरवाही न करने की राय दी है।

# १४ मई तक भेजें स्क्रुटनी आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव के पत्र के अनुपालन में कहा कि 2024 हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा बाबत उत्तर पुस्तिकाओं की सन्निरीक्षा को ऑनलाइन आवेदन मंजूर करने की अन्तिम तिथि 14 मई है। सन्निरीक्षा शुल्क पांच सौ रूपये प्रति प्रश्न पत्र की दर से निर्धारित है। सन्निरीक्षा बाबत निर्देश परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी आवेदित विषयों को निर्धारित शुल्क चालान से राजकीय कोषागार में जमा कर आनलाइन फार्म भरें। सन्निरीक्षा आवेदन के विवरणों को लोड कर प्रिन्टआउट के साथ सन्निरीक्षा को जमा करें। सन्निरीक्षा शुल्क मूल चालान से सत्यापन को संलग्न कर पंजीकृत डाक से परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय में 14 मई तक भेजेंगे। क्षेत्रीय कार्यालय बिना आनलाइन व कोरियर अथवा डाक से भेजे पत्र को मंजूर नहीं करेगा। 14 मई के बाद जमा चालान आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं होगी।

# मलेशिया में नौसेना के दो हेलीकॉप्टर आसमान में टकराए, तीन महिलाओं समेत 10 की मौत



**कुआलालंपुर।** मलेशियाई नौसेना के दो हेलीकॉप्टर बीच हवा में टकरा गए। इस हादसे में तीन महिलाओं समेत 10 लोगों की मौत हो गई है। यह हादसा मंगलवार को रॉयल मलेशियाई नौसेना परेड की रिहर्सल के दौरान हुआ।नौसेना ने बयान में पुष्टि की है कि रॉयल मलेशियाई नौसेना परेड रिहर्सल के लिए एक साथ कई हेलीकॉप्टर्स ने उड़ान भरी। इस दौरान दो हेलीकॉप्टर अचानक बहुत करीब आ गए और अनहोनी घट गई। यह हेलीकॉप्टर दुर्घटना के समय अगले महीने नौसेना की 90वीं वर्षगांठ के जश्न के लिए उत्तरी पेराक राज्य में एक नौसैनिक अड्डे पर प्रशिक्षण ले रहे थे।

रॉयल मलेशियाई नौसेना के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि मृतकों में तीन महिलाओं सहित चालक दल के सात सदस्य शामिल हैं। सभी के शव पोस्टमार्टम के लिए इपोह के राजा पेरमासुरी बैनुन अस्पताल भेजे गए हैं। पेराक पुलिस प्रमुख कामरेड दातुक सेरी मोहम्मद युसरी हसन बसरी ने कहा है कि घटना की जांच शुरू कर दी है। जांच का नेतृत्व नौसेना, अग्निशमन बचाव विभाग और पुलिस विभाग के अधिकारी कर रहे हैं। रॉयल मलेशियाई नौसेना के स्क्वाड्रन 503 ने हादसे में हताहत अपने चार सहयोगियों के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

सेपंगार में रॉयल मलेशियाई नौसेना के जनसंपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर मोहम्मद फदज़िल सलेह ने कहा है कि हादसे में हताहत स्क्वाड्रन 503 के कमांडिंग ऑफिसर कमांडर मुहम्मद फिरदौस रामली अनुभवी पायलट थे। पीड़ित परिवारों को दोपहर 1: 20 बजे रॉयल मलेशियाई वायुसेना के विमान से कोटा किनाबालु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-2 के माध्यम से कुआलालंपुर के लिए रवाना किया गया।

# अमेरिका में अभियोजन पक्ष ने पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प के खिलाफ साक्ष्य रखे



**वाशिंगटन।** पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प के खिलाफ आपराधिक मुकदमे में सोमवार को महत्वपूर्ण क्षण आया। लोअर मैनहट्टन के अदालत कक्ष में पूर्व राष्ट्रपति ने अभियोजन पक्ष के आरोपों को चुपचाप सुना। बचाव पक्ष ने प्रतिवाद किया कि ट्रम्प पर गलत आरोप लगाया गया था। जूरी के समक्ष अभियोजन पक्ष ने गवाह को प्रस्तुत करने के साथ कुछ साक्ष्य भी रखे।

मैनहट्टन अभियोजक ने जूरी के 12 सदस्यों को बताया कि यह मामला "एक आपराधिक साजिश और सेक्स स्कैंडल्स को छिपाने" के बारे में था। इसके उजागर होने से 2016 में उनकी चुनावी जीत को खतरा था। उन्होंने बताया कि कैसे ट्रम्प, उनके वकील माइकल कोहेन और द नेशनल इन्क्वायरर टैबलॉयड के प्रकाशक डेविड पेकर नकारात्मक कहानियों को फैला रहे थे।

अपने शुरूआती बयान में ट्रंप के वकील ने जोर देकर कहा कि उनके मुवक्किल ने कुछ भी गलत नहीं किया। ट्रम्प निर्दोष हैं। इसके बाद पेकर को मुकदमे में पहले गवाह के रूप में बुलाया गया। अपनी गवाही में, पेकर ने बताया कि कैसे द नेशनल इन्क्वायरर ने कहानियों के लिए भुगतान किया। उन्होंने इसे "चेकबुक पत्रकारिता" की संज्ञा दी।यह मुकदमा पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को धन दिए जाने का है। उस समय ट्रम्प के पोर्न स्टार के साथ संबंध होने की बात सामने आई थी। आरोप है कि उन्होंने इसे छुपाने के लिए स्टॉर्मी को एक लाख 30 हजार डॉलर का भुगतान किया। पूर्व राष्ट्रपति की कंपनी ने यह धन उनके वकील माइकल कोहेन को दिया। उन्होंने इसका भुगतान ट्रम्प की तरफ से पोर्न स्टार को किया। वकीलों का कहना है कि दोष सिद्ध होने पर ट्रम्प को चार साल तक की सजा हो सकती है। उल्लेखनीय है कि यह मुकदमा ऐसे समय आगे बढ़ रहा है जब ट्रम्प इस वर्ष राष्ट्रपति चुनाव के रिपब्लिकन टिकट के लिए संभावित उम्मीदवार भी हैं।

## अमेरिका के एरिजोना में सड़क हादसा, भारत के दो छात्रों की मौत



**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के एरिजोना में लेक प्लेजेंट के पास दो कारों की सीधी टक्कर में दो भारतीय छात्रों की मौत हो गई।

स्थानीय पुलिस के अनुसार मृतकों में भारतीय मूल के निवासी निवेश मुक्का (19) और गौतम पारसी (19) अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय छात्रों के तौर पर पंजीकृत थे। यह हादसा स्टेट रूट- 74 के उत्तर में कैसल हॉट स्प्रिंग्स रोड पर 20 अप्रैल को शाम करीब छह बजकर 18 मिनट पर हुआ। यह पता लगाया जा रहा है कि कारों में टक्कर कैसे हुई। पुलिस का कहना है कि हादसे में दोनों कारों के चालक घायल हुए हैं। उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है।

## जर्मनी में चीन के लिए जासूसी करने के संदेह में तीन जर्मन नागरिक गिरफ्तार

**बर्लिन।** जर्मनी में चीन के लिए जासूसी करने और सेना की ओर से संभावित तौर पर इस्तेमाल की जाने वाली प्रौद्योगिकी की जानकारी भेजने के संदेह में सोमवार को तीन जर्मन नागरिकों को गिरफ्तार किया गया।

अभियोजकों ने बताया कि तीन जर्मन नागरिकों पर जून 2022 से कुछ समय पहले से चीनी खुफिया विभाग के लिए काम करने का आरोप है। उन पर जर्मन निर्यात कानूनों का उल्लंघन करने का भी संदेह है। संघीय अभियोजकों ने बताया कि कि जर्मनी गोपनीयता कानूनों की वजह से संदिग्धों में से एक की पहचान केवल थॉमस आर के रूप में की गई है जो कथित तौर पर चीन के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्रालय के एक कर्मचारी का एजेंट था और उसने जर्मनी में उस व्यक्ति के लिए सैन्य रूप से उपयोगी नवीन प्रौद्योगिकियों की जानकारी एकत्र की।

अभियोजकों ने बताया कि जानकारी एकत्र करने के लिए उसने हेरविग एफ. और इना एफ नामक दंपति का सहारा लिया जो डसेलडोर्फ में एक कंपनी के मालिक हैं। कंपनी जर्मन अनुसंधानकताओं के साथ काम करती है।

# ट्रंप ने 2016 के चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश की



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2016 के राष्ट्रपति चुनाव को प्रभावित करने के लिए एक साजिश रची और अपनी निजी जिंदगी की ऐसी जानकारियों को सार्वजनिक होने से रोका जिसका उन्हें चुनाव में नुकसान हो सकता था। यह बात एक अभियोजक ने सोमवार को जूरी के सदस्यों को बताई, जो ट्रंप के खिलाफ एक पोर्न स्टार को गुप्त रूप से धन देने के मामले की सुनवाई कर रही है। बचाव पक्ष के वकील ने दलील दी कि ट्रंप निर्दोष हैं और यह मामला सुनवाई योग्य भी नहीं है।

अभियोजक मैथ्यू कोलांगेलो ने जूरी सदस्यों को बताया कि अभियुक्त डोनाल्ड ट्रंप ने 2016 के राष्ट्रपति चुनाव को प्रभावित करने के लिए एक आपराधिक साजिश रची थी। फिर उन्होंने बार-बार झूठ बोलकर अपने न्यूयार्क के व्यवसाय के रिकॉर्ड में उस आपराधिक साजिश को छुपाया। उन्होंने इस मामले के अन्य पहलुओं के बारे में भी बताया जिनमें एक पोर्न अभिनेत्री भी शामिल है। पोर्न अभिनेत्री ने कहा है कि उनके ट्रंप के साथ यौन संबंध थे। अभियोजन ने इसके अलावा उस वकील के बारे में भी बताया जिसने इस बारे में चुप रहने के लिए पोर्न स्टार को धन दिया था।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर व्यापारिक अभिलेखों में हेराफेरी करने के 34 गंभीर आरोप हैं झ जिसके लिए चार साल तक की जेल की सजा हो सकती है। उन्होंने कोई भी गलत काम करने से इनकार किया है।

अगर ट्रंप को दोषी भी ठहरा दिया जाए तो यह उन्हें राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने से नहीं रोकेगा। इस साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप रिपब्लकिन पार्टी के संभावित उम्मीदवार हैं। ट्रंप सुबह नौ बजे से कुछ पहले ही अदालत पहुंचे, इसके कुछ ही मिनट बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर इस मामले को चुनाव में हस्तक्षेप और चुनावी षड्यंत्र करार दिया।

ट्रंप द्वारा पॉर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को धन दिए जाने का यह मामला 2016 का है। उस समय ट्रंप के पॉर्न स्टार के साथ संबंध होने की बातें सामने आई थीं और आरोप है कि उन्होंने इसे छिपाने के लिए स्टॉर्मी को एक लाख 30 हजार डॉलर का भुगतान किया था। पूर्व राष्ट्रपति की कंपनी ने यह धन उनके वकील माइकल कोहेन को दिया था जिन्होंने ट्रंप की ओर से पॉर्न स्टार को इसका भुगतान किया। ट्रंप ने डेनियल्स के साथ यौन संबंध होने से इनकार किया है, और उनके वकीलों का तर्क है कि कोहेन को किया गया भुगतान वैध कानूनी खर्च था।

## ताइवान में 6 घंटे में भूकंप के 80 झटके, सर्वाधिक तीव्रता रिएक्टर पैमाने पर 6.3 रही

**ताइपे/टोक्यो।** ताइवान में सोमवार शाम 5 बजे से देररात 12 बजे तक 80 से ज्यादा भूकंप के झटके महसूस किए गए। इनमें सबसे ज्यादा 6.3 तीव्रता का भूकंप रहा, जो भारतीय समय के मुताबिक रात करीब 12 बजे आया।

मौसम विभाग के अनुसार भूकंप का केंद्र पूर्वी काउंटी हुलिएन में धरती से 5.5 किलोमीटर नीचे था। भूकंप के कारण राजधानी ताइपे में कई इमारतें झुक गई हैं। जापान, चीन और फिलिपींस में भी हल्के झटके महसूस किये गए। फिलहाल किसी नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई है।

इससे पहले इसी माह 3 अप्रैल को ताइवान में 7.2 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें करीब 14 लोगों की मौत हो गई थी। तब से अब तक ताइवान में सैकड़ों झटके महसूस किए हैं। फायर डिपार्टमेंट ने बताया कि काउंटी हुलिएन में 3 अप्रैल को आए भूकप में क्षतिग्रस्त हुआ होटल ताजा झटकों के कारण थोड़ा और झुक गया है।

ताइवान दो टेक्टोनिक प्लेटों के जंक्शन पर बसा देश है, जो भूकंप के लिहाज से सेंसिटिव माना जाता है। 2016 में दक्षिणी ताइवान में आए भूकंप में 100 से अधिक लोग मारे गए थे। इससे पहले 1999 में 7.3 तीव्रता के भूकंप में 2,000 से अधिक लोग मारे गए थे।

## डीजीसीए का निर्देश- विमान में 12 साल तक के बच्चों को माता-पिता के साथ सीट दी जाए



**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाया है। विमानन नियामक डीजीसीए ने एयरलाइन कंपनियों को उड़ान के दौरान 12 साल तक के बच्चों को उनके माता-पिता या अभिभावकों के साथ सीट आवंटित करने का निर्देश दिया है।

डीजीसीए ने मंगलवार को जारी एक बयान में एयरलाइंस कंपनियों को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि 12 वर्ष तक के बच्चों को एक ही पीएनआर पर यात्रा कर रहे उनके माता-पिता या अभिभावकों में कम से कम एक के साथ उनकी सीट आवंटित की जाए। इसके साथ ही इसका रिकॉर्ड भी रखा जाए। विमानन नियामक ने यह निर्देश बीते दिनों ऐसे कई मामले सामने आने के बाद जारी किए हैं। यह निर्देश ऐसे मामलों की पृष्ठभूमि में आया है।

अब डीजीसीए की ओर से 2024 में जारी एयर ट्रांसपोर्ट सर्कुलर (एटीसी)-01 के मुताबिक 12 साल से कम उम्र के बच्चे को हवाई सफर के दौरान उसके अभिवावकों के पास वाली सीट उपलब्ध हो सकेगी। खास बात ये है कि इसके लिए यात्री को कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं देना होगा। अगर अभिभावक ने अपने लिए फ्री सीट या ऑटो एलोकेशन का ऑप्शन चुना है तो बगल की सीट बच्चे के लिए अरेंज करना होगा।

## पाकिस्तान के लाहौर में भारतीय सिख तीर्थयात्री का निधन



**लाहौर।** भारत से पाकिस्तान आये एक सिख तीर्थयात्री की सोमवार को दिल का दौरा पड़ने के कारण निधन हो गया। एक पाकिस्तानी अधिकारी ने यह जानकारी दी। इवैकुई ट्रस्ट प्रापर्टी बोर्ड के प्रवक्ता आमिर हाशमी ने बताया कि पटियाला निवासी सरदार जांगीर सिंह (67) की सोमवार को दिल का दौर पड़ने के बाद मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शव को वाघा सीमा पर भारतीय सुरक्षा कर्मियों को सौंप दिया गया। बैसाखी उत्सव में भाग लेने के लिए 13 अप्रैल को वाघा सीमा के जरिये यहां पहुंचे लगभग 2,400 भारतीय सिख तीर्थयात्री सोमवार को स्वदेश रवाना हो गए हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# खान यूनिस में इजराइली सेना ने तोपों से गोले बरसाते हुए किया प्रवेश, अस्पताल की तलाशी में मिलीं 283 लोगों की कब्र



**यरुशलम।** गाजा के खान यूनिस शहर में सोमवार को इजराइली सेना ने तोपों से गोले बरसाते हुए अचानक प्रवेश किया और छापेमारी शुरू कर दी। इजराइली सैनिकों ने वहां पर फलस्तीनी लड़ाकों की धरपकड़ के लिए खाली मकानों और क्षतिग्रस्त भवनों में छापेमारी की है। छापेमारी के दौरान खान यूनिस के खाली पड़े सबसे बड़े अस्पताल के परिसर में कई सामूहिक कब्रें पाई गई हैं जिनमें बड़ी संख्या में गोली से मरे लोगों को दफन किया गया है। माना जा रहा है कि इन लोगों को इजराइली सैनिकों ने मारकर जमीन के नीचे दबा दिया था।

गाजा के दूसरे सबसे बड़े शहर खान यूनिस पर इजराइली हमले के दौरान हजारों लोगों ने नासेर अस्पताल परिसर में शरण ली थी। इजराइली सैनिकों ने अस्पताल में घुसकर कार्रवाई की और उसकी तलाशी ली। इस दौरान अस्पताल में लोगों के मारे जाने की जानकारी सामने आई थी। अब यह अस्पताल खाली है और गाजा प्रशासन के अधिकारियों ने जब वहां का दौरा किया तो उन्हें वहां पर सामूहिक कब्रें मिली हैं जिनमें दफन 283 लोगों के शव मिल चुके हैं। गाजा प्रशासन का आरोप है कि इजराइली सेना ने आमजनों को मारकर उनके शवों को दफना दिया। इजराइली सेना का यह कृत्य सामने आने पर गाजा में सात अक्टूबर, 2023 के बाद मरने वाले फलस्तीनी लोगों की संख्या बढ़ सकती है।

इजराइल के मिलिट्री इंटेलीजेंस विभाग के निदेशक मेजर जनरल हेरोन हालिवा ने पद से इस्तीफा दे दिया है। रक्षा मंत्री योएव गैलेंट ने उनका इस्तीफा स्वीकार करने की संस्तुति कर दी है लेकिन नई व्यवस्था होने तक हालिवा को पद पर बने रहने के लिए कहा है। माना जा रहा है कि सात अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर हमास के हमले की पूर्व जानकारी जुटा पाने में विफलता के चलते हालिवा ने इस्तीफा दिया है।

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि 129 इजराइली बंधकों की रिहाई और गाजा युद्ध में जीत सुनिश्चित करने के लिए आने वाले दिनों में हमास पर और ज्यादा सैन्य और कूटनीतिक दबाव बढ़ाएंगे। ज्ञात रहे कि इजराइली सेना ने हाल के दिनों में गाजा के रफाह शरणार्थी क्षेत्र में हवाई हमले बढ़ाए हैं। इस क्षेत्र में करीब 14 लाख बेघर फलस्तीनी शरण लिए हुए हैं।

वेस्ट बैंक में सोमवार को इजराइली सेना के चेकपोस्ट के नजदीक फायरिंग में एक फलस्तीनी महिला मारी गई। 43 वर्षीय यह महिला जब जार्डन वैली चेकपोस्ट के नजदीक आई तभी उसे गोली मार दी गई।

## एयर इंडिया ने जापान की ऑल निप्पॉन एयरवेज से किया कोडशेयर समझौता

नई दिल्ली। हवाई सफर करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। अब भारत से जापान जाना और आसान हो जाएगा। टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया ने जापान की ऑल निप्पॉन एयरवेज (एएनए) के साथ कोडशेयर साझेदारी की है। इस समझौते के बाद यात्रियों को कई सारे फ्लाइट के ऑप्शन मिल सकेंगे। यह कोडशेयर समझौता 23 मई से प्रभावी होगा।